www.dainikchingari.com
26 जनवरी 1950 को स्थापित
संस्थापक: बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : गुरुवार, 1 जनवरी 2026
अंक- 69 मूल्य दो रुपये पृष्ठ- 16+16

नये साल की शुभकामनाएं 2026





## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**शुक्रवार, 2 जनवरी 2026**

मेष- दिनचर्या व्यवस्थित, नौकरी में पदोन्नति, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का अवसर, परोपकार की भावना जागृत, अपने स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय।

वृषभ- चिरवांछित कार्य बनने को, सफलता हेतु विचार-विमर्श, पठन-पाठन में रुचि, आय के नवीन स्रोत, व्यक्तित्व का विकास, अधिकारी वर्ग से सहयोग, लाभ भी।

मिथुन- आज दिन 9/26 बजे तक प्रतिकूलता, योजना अधूरी, समस्याओं से उलझनें, शेष समय बेहतर, व्यापारिक विस्तार, आहार-विहार में नवीनता, विरोधी परास्त।

कर्क- आज दिन 9/26 बजे तक अनुकूलता, आत्मबल में वृद्धि, सुयश की प्राप्ति, प्रसन्नता, शेष समय व्यवधानकारक, स्वास्थ्य में शिथिलता, कार्यों में निराशा।

सिंह- मनोवांछित कार्यों में सफलता, विवाद का समापन, प्रतियोगिता में अनुकूलता, विशिष्टजनों से सम्पर्क, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, आमोद प्रमोद में व्यय।

कन्या- आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में लाभ का सुअवसर, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति, पारस्परिक सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, धर्म अध्यात्म की ओर रुझान, यात्रा सुखद।

तुला- आज दिन 9/26 बजे तक अड़चनें, व्यावसायिक विफलता, शारीरिक कष्ट, तनाव, शेष समय प्रगतिकारक, अधूरे कार्य पूर्ण, आपसी सद्भाव, संत समागम।

वृश्चिक- आज दिन 9/26 बजे तक सफलता का मार्ग प्रशस्त, आरोग्य सुख, मन प्रसन्न, शेष समय विपरीत, आर्थिक हानि संभव, विवाद से नुकसान, मित्रों से असहयोग।

धनु- अभीष्ट सिद्धि, स्वास्थ्य में सुधार, शुभ भावनाओं का उदय, राजनैतिक गतिविधियों में वृद्धि, वैमनस्यता में कमी, शत्रु परास्त, वैवाहिक जीवन मधुर।

मकर- किसी योजना की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, मांगलिक आयोजन सम्पादित, दूसरों के आश्वासनों से राहत, स्थान परिवर्तन का कार्यक्रम, समझदारी से हानि का बचाव।

कुम्भ- आज दिन 9/26 बजे तक समय अशुभ, कार्यों में अड़चनें, विरोधी प्रभावी, शेष समय बेहतर, समस्याओं का समाधान, उत्तरदायित्व का निर्वाह, धनागम।

मीन- आज दिन 9/26 बजे तक समय शुभ, आर्थिक उन्नति, महत्वपूर्ण उपलब्धि, हर्ष भी, शेष समय असंतोषजनक, जोखिम से नुकसान, प्रतिष्ठा पर आघात।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# ख़ौफ़, ज़ुर्म और क्रूरता का पर्याय बना नीला ड्रम



हत्यारोपी मुस्कान रस्तोगी और साहिल शुक्ला। हत्या रोपी सोनम रघुवंशी और मृतक राजा रघुवंशी।

बिजनौर (चिंगारी)। साल 2025 में देश के भीतर पति-पत्नियों के पवित्र रिश्तों में विश्वास घात करके पत्नियों द्वारा अपने पतियों की जो हॉरर व सनसनीखेज हत्याएं की गई,बीते कुछ दशकों में पत्नियों द्वारा की गई ऐसी क्रूर और जघन्य जुर्म की वारदात देखने को नहीं मिली थी। इस साल कुछ बेरहम पत्नियों द्वारा इश्क के चलते अपराध का जो काला इतिहास लिखा गया है वह बहुत ही स्याह, खौफनाक और भयावह है। पति- पत्नी के रिश्तों में पतियों के दर्दनाक अंत की इन दुखद व हाई प्रोफाइल कहानियों में कहीं नीला ड्रम, कहीं हनीमून तो कहीं ग्राइंडर भी बदनाम हुआ है।

बात सबसे पहले मेरठ के ब्रह्मपुरी निवासी उस बेरहम एवं क्रूर पत्नी मुस्कान रस्तोगी की करते हैं। जिसने शादीशुदा होकर इश्क की बीमारी में



हत्यारोपी रुबी और गौरव

फंसने के बाद अपने प्रेमी साहिल शुक्ला के साथ मिलकर 3 मार्च 2025 को अपने पति सौरभ राजपूत की हत्या कर उसके शव के चार टुकड़े करने के बाद उन्हें नीले ड्रम में भरकर सीमेंट से जमा दिया था और वारदात के बाद प्रेमी के साथ हिमाचल प्रदेश घूमने चली गई थी। क़त्ल की इस भयावह तस्वीर को देखकर पूरे देश में सनसनी फैल गई थी।

दूसरी घटना भी कम भयावह नहीं है। घटना का संबंध इंदौर से है। वहां के व्यवसायी राजा रघुवंशी की इसी साल 11 मई को सोनम रघुवंशी के साथ शादी हुई थी 20 मई को पति -पत्नी हनीमून पर मेघालय गए थे।

**फ्लैश बैक 2025**

जहां 23 मई को सोनम रघुवंशी ने साजिश करके अपने प्रेमी राज कुशवाहा और तीन कांटेक्ट किलर्स के साथ पति राजा रघुवंशी की हत्या कर उसे मौत की नींद सुला दिया था। इस हाई प्रोफाइल मर्डर में हनीमून बहुत चर्चित एवं बदनाम हुआ था। हत्या की मुख्य साजिश कर्ता सोनम रघुवंशी उसका प्रेमी राज कुशवाहा सहित सभी आरोपी जेल में बंद है।

तीसरी घटना उत्तर प्रदेश के संभल जनपद से है जहां चंदौसी में 18-19 नवंबर की रात को रूबी नामक महिला ने अपने प्रेमी गौरव के साथ मिलकर पति राहुल की हत्या करने के बाद ग्राइंडर से शव के टुकड़े-टुकड़े कर अलग-अलग स्थान पर फेंक दिए थे। मगर पुलिस जांच में दोनों आरोपी पकड़े गए और दोनों जेल में बंद है।

दिल दहला देने वाली चौथी घटना भी उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात जनपद से है।यह घटना इश्क की नहीं बल्कि महिला के शराब पीने के शौक से जुड़ी है। इस घटना में बिठूर थाना क्षेत्र के टिकरा गांव में वीरांगना नामक एक शराबी पत्नी ने अभी एक सप्ताह पूर्व 24 दिसंबर को शराब के नशे में धुत्त अपने पति रवि शंकर पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार किए थे कि पति की दर्दनाक मौत हो गई थी। मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कुल्हाड़ी के 26 गहरे ज़ख्म मिले थे। यह क्रूर पत्नी भी जेल में बंद है।

### बुरे काम का बुरा नतीजा

**साल 2025 में अंधे इश्क, साजिश, धोखे और विश्वास घात में पत्नियों द्वारा अपने पतियों की हत्याओं की जो कहानी तैयार की गई थी। जांच में एक भी पुलिस के हाथों बच नहीं पाई है। बुरे काम का अंजाम बुरा ही होता है। ऐसे अपराधियों को कानून तो सख्त सजा देता ही है, समाज भी ऐसे विश्वासघाती और बेरहम क़ातिलों को क्षमा नहीं करता है और रिश्तों को कलंकित करने वाले इन क्रूर अपराधियों के अपराध की सजा इनके बेकसूर परिजन भी भुगतते हैं।**

## दुनियाभर में जोरदार आतिशबाजी के साथ 2026 का स्वागत

# पेरिस से लेकर न्यूयॉर्क तक मना जश्न

नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। भारत में नए साल 2026 का आगाज हो चुका है। दुनियाभर में भी नए साल का उत्सव जारी है। लोग अलग-अलग तरीकों से नए साल के जश्न का आनंद ले रहे हैं। शहरों में रंग-बिरंगी रोशनी, आतिशबाजी और संगीत के साथ लोग नए साल का जश्न माना रहे हैं। नए साल के पहले दिन देशभर के प्रसिद्ध मंदिरों में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। असम के कामाख्या मंदिर से लेकर प्रयागराज के लेटे हनुमान मंदिर तक श्रद्धालुओं ने नव वर्ष का स्वागत भगवान के दर्शन कर किया। इन तमाम धार्मिक जगहों पर आस्था की झलक देखने को मिली। तमिलनाडु के मदुरै में नए साल के अवसर पर थिरुपरनकुंड्रम मुरुगन मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रार्थना की। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में भक्तों ने नए साल के मौके पर दक्षिणेश्वर आद्यापीठ मंदिर में दर्शन किए। तमिलनाडु के सबसे लोकप्रिय पर्यटन और तीर्थ स्थलों में से एक कन्याकुमारी में 2026 के पहले सूर्योदय को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हुए। कश्मीर घाटी के ऊंचे इलाके, जिनमें लोकप्रिय पर्यटन स्थल सोनमर्ग भी शामिल है, बर्फ की मोटी चादर से ढके हुए नजर आए। जम्मू-कश्मीर के पुंछ में भारी हिमपात और दुर्गम भूभाग के बावजूद भारतीय सेना की रोमियो फोर्स ने 13,000 फीट से अधिक ऊंचाई पर स्थित पीर पंजाल पर्वतमाला में तलाशी अभियान तेज कर दिया। पड़ोसी देश नेपाल में भी नए साल की पहली सुबह सूर्योदय के नजारे को लोगों ने कैमरे में कैद किया। नए साल के पहले दिन जम्मू के कटरा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। महाराष्ट्र के मुंबई में नए साल की सुबह से पहले बारिश की फुहारों ने मौसम को खुशनुमा कर दिया। बारिश के चलते प्रदूषण के स्तर में कमी भी दर्ज की गई।

# घनुवाला में धर्म परिवर्तन को लेकर शुरू हुए विवाद ने फिर तूल पकड़ा





**बिजनौर ( चिंगारी )।** समीपवर्ती ग्राम फरीदपुर मीरा उर्फ घनुवाला में कथित रूप से अवैध धर्म परिवर्तन कराये जाने को लेकर शुरू हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। आज फिर ये विवाद उस समय तूल पकड़ गया, जब एक स्थान पर इसाई धर्म का प्रमुख धार्मिक चिन्ह क्रास (क्रूस) लगा दिया गया। सूचना मिलते ही एएसपी सिटी डा. के.जी. सिंह, एसडीएम सदर रीतू रानी व भाजपा नेता एवं सदर विधायक पति एश्वर्य मौसम चौधरी मौके पर पहुंचे। फिलहाल खेत में लगाया गया क्रास (क्रूस) हटा दिया गया है।

घनुवाला के लोगों का आरोप है कि गांव के ही निवासी तीन भाइयों दिनेश, विनोद और मोहन ने गांव में खुराफात मचा रखी है। उक्त तीनों भाइयों ने पहले अपना धर्म परिवर्तन कर ईसाई धर्म अपनाया और अब ये तीनों भाई गांव व आसपास के क्षेत्र में अन्य लोगों को धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित कर रहे हैं। ये तीनों भाई लोगों को लालच देकर उनका धर्म परिवर्तन कराते हैं। लोगों को यह कहकर गुमराह करते हैं कि पूजा-पाठ करने से कुछ नहीं होता। ईसाई धर्म बहुत अच्छा है। यीशू मसीह सबके दुखों को हर लेते हैं। घनुवाला में ये विवाद 25 दिसम्बर को क्रिसमस डे से शुरू हुआ था। ईसाई धर्म अपना चुके तीनों भाई क्रिसमस डे मना रहे थे कि गांव वालों ने आपत्ति जताई, जिस पर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गये। उक्त तीनों भाइयों का आरोप है कि गांव वाले उन्हें परेशान कर रहे हैं। उनकी फसल भी उजाड़ दी गई।

यह विवाद आज सुबह उस समय फिर तूल पकड़ गया, जब ईसाई धर्म अपना चुके तीनों भाइयों द्वारा ठेके पर ली गई जमीन में क्रास (क्रूस) लगा दिया गया। ग्रामीण क्रास को देखकर भड़क उठे। दोनों पक्ष आमने-सामने आ गये। सूचना मिलते ही एएसपी सिटी डा. के.जी. सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। एसडीएम सदर रीतू रानी व सदर विधायक पति एश्वर्य मौसम चौधरी भी घनुवाला पहुंचे। तीनों भाइयों का कहना था कि क्रास (क्रूस) उन्होंने नहीं लगाया बल्कि उन पर आरोप लगाने के लिये किसी अन्य ने क्रास लगाया है। फिलहाल पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले गई है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस दोनों पक्षों से बात कर रही थी।

नगर में पहली बार शुद्धता का युग परिवर्तन लेकर आये
SJ Siddharth Jewellers
गवर्नमेंट अप्रूव्ड
सिद्धार्थ ज्वैलर्स
गोल्ड टेस्टिंग मशीन
अपना पुराना सोने का आभूषण लायें, 100% शुद्धता की जांच कराएं
अन्य सेवाएं-
➤100 %गोल्ड ज्वैलरी एक्सचेंज सुविधा।
➤डायमण्ड ज्वैलरी पर 40 % तक की विशेष छूट (डायमण्ड वैल्यू पर)
➤22 KT एक्सक्लूसिव HUID हॉलमार्क ज्वैलरी
सदर बाजार, बिजनौर, मो. 7310695957

## बिजनौर में जेबकतरों का आतंक, रोडवेज बस अड्डा, बुध व इतवार बाज़ार बने निशाना

**बिजनौर ( चिंगारी )।** शहर में इन दिनों जेब कतरों का गिरोह सक्रिय है। खासतौर पर रोडवेज बस अड्डा, बुध बाजार व इतवार बाजार में खरीदारी करने आने वाले लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। बीते कुछ दिनों में दर्जनों लोग जेब कटने, पर्स गायब होने और मोबाइल चोरी हो जाने की शिकायत कर चुके हैं, जिससे आम नागरिकों में भय और आक्रोश का माहौल है।

रोडवेज बस अड्डे पर यात्रियों की भारी भीड़ का फायदा उठाकर जेब कतरे सक्रिय रहते हैं। बस में चढ़ते-उतरते समय और प्रतीक्षालय में खड़े यात्रियों को आसानी से अपना शिकार बना जा रहा है। कई यात्रियों ने बताया कि उन्हें सफर के दौरान या गंतव्य पर पहुंचने के बाद जेब कटने का पता चला। कुछ मामलों में नकदी के साथ जरूरी दस्तावेज भी गायब हो गए। वहीं बुध बाजार और इतवार बाजार में स्थिति और भी गंभीर बताई जा रही है। इन साप्ताहिक बाजार में कपड़े और घरेलू सामान खरीदने के लिए दूर-दराज से लोग आते हैं। अत्यधिक भीड़ और अव्यवस्थित ठेले-खोमचे जेबकतरों के लिए अनुकूल माहौल तैयार कर देते हैं। महिलाएं, बुजुर्ग और ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले लोग इनके लिये आसान निशाना हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जेबकतरों की वजह से बाजार की छवि खराब हो रही है। कई ग्राहक अब नकदी लेकर आने से डरने लगे हैं। लोगों ने पुलिस अधिकारियों से नियमित गश्त और सादे कपड़ों में पुलिसकर्मियों की तैनाती की मांग की है।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

## परचून की दुकान में आग लगने से लाखों का सामान जलकर राख



**बिजनौर ( चिंगारी )।** स्थानीय मोहल्ला खत्रियान में बाहर वाली मस्जिद के पास एक परचून की दुकान में आग लग जाने से लाखों रुपये का नुकसान हो गया।

बताया जाता है कि अतीक़ की परचून की दुकान में रात्रि करीब 3 बजे शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। पड़ोसियों ने दुकान से धुआं निकलता देख शोर मचाया। जब तक आग पर क़ाबू पाया गया, तब तक दुकान का अधिकतर सामान जलकर राख हो चुका था। अतीक़ अहमद के अनुसार आग से उसका क़रीब 4 लाख का नुकसान हुआ है।

## नववर्ष ऐसे मनाया, राहगीरों को पकौड़ी व हलवा खिलाया

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** आज नववर्ष के उपलक्ष्य में ग्राम हरचंदपुर के कुछ ग्रामीणों ने राहगीरों को चाय पिलायी तथा पकौड़ी और हलवा खिलाया। ग्राम निवासी देव कुमार ने बताया कि नववर्ष के उपलक्ष्य में गांव में मेन रोड के किनारे स्टाल लगाकर राहगीरों एवं ग्रामीणों को ठंड से राहत दिलाने हेतु चाय पिलायी गयी तथा पकौड़ी और हलुआ खिलाया गया। देव कुमार के अलावा कामेन्द्र, नवदीप, भोले, अंकित, कंचन, लिटिल आदि का सहयोग रहा।



**भली लगे या बुरी ...**

## आर्थिक समानता और तकनीक

आज दुनिया के सामने आतंकवाद के साथ ही तेजी से बढ़ती आर्थिक असमानता बड़ी समस्या बन गई है। कोराना वायरस वैश्विक महामारी और इसके कारण लागू लॉकडाउन ने गरीबों को और गरीब बनाया है, जबकि अमीर और अमीर हुए हैं। बाजार के लगातार बढ़ते वर्चस्व तथा बाजार और विभिन्न देशों की सरकारों के बीच खुले व बेशर्म संबंधों के चलते आज मानवता का बड़ा हिस्सा किसी तरह अपना जीवन बनाए रखने के लिए अभिशप्त है तथा उसके बच्चों के सामने प्रगति एवं विकास के रास्ते बंद या लगातार संकुचित होते जा रहे हैं। विज्ञान और तकनीक के विकास की दिशा अनैतिक व मानव-विरोधी होने के कारण ऐसी तकनीकें लगातार सामने आ रही हैं जो लोगों को काम से हटा कर मशीनों को उनके स्थान पर स्थापित कर रही हैं। ये तकनीकें उन पश्चिमी व विकसित देशों के लिए ठीक हो सकती हैं जहां जनसंख्या बहुत कम है तथा प्रजनन दर बहुत कम या शून्य होने के कारण इनकी आवश्यकता है। लेकिन विडंबना है कि अनेक विकासशील और गरीब देशों में भी ऐसी तकनीकें बाजार और बाजारवादी अर्थव्यवस्थाओं द्वारा थोपी जा रही हैं जहां अधिकाधिक युवाओं को काम देने तथा उनके कौशल विकास की आवश्यकता है। कहा जाता है कि रोबोटीकरण, आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस-एआई, मशीन लर्निंग व इंटरनेट आफ थिंग्ज़ जैसी तकनीकों से आने वाले 20-25 साल में लगभग 150 प्रकार के कौशल निरुपयोगी हो जाएंगे। ऐसी स्थिति दुनिया में भारी आर्थिक असमानता के साथ ही लोकतंत्र पर तानाशाही व बाजार के वर्चस्व का कारण बन सकती है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या दुनिया एक बार फिर वैसी ही अमानवीय होने जा रही है, जैसी वह द्वितीय या प्रथम विश्व युद्ध के पहले या साम्राज्यवाद और उपनिवेशवाद के समय थी। कुछ सामाजिक विश्लेषक इसका जवाब 'जेन जी' या युवाओं के विद्रोह में देख रहे हैं जिसके कारण कई देशों में सरकारों का तख्तापलट हुआ है और भारी अराजकता सामने आई है। भारत के पड़ोसी श्रीलंका, नेपाल और बांग्लादेश में ऐसे विस्फोट सामने आए हैं। लेकिन विडंबना है कि ऐसे विस्फोटों के बाद सामाजिक कट्टरता, सांप्रदायिकता, विद्वेष और असमानता पहले की तुलना में बढ़ जाती है तथा देश में लोकतांत्रिक शक्तियों के बजाय विभिन्न प्रकार की तानाशाही शक्तियों का विकास होने लगता है।

# आरंभ, आशा और उम्मीदों के स्वागत का समय


-विजय कुमार शर्मा

समय जब द्वार पर दस्तक देता है, तो वह शोर नहीं करता। वह चुपचाप आता है, जीवन की पुस्तक का एक पन्ना पलटता है और आगे बढ़ जाता है। उसी क्षण मन के भीतर एक अनकही हलचल जन्म लेती है। वर्ष का अंत और नए वर्ष का आरंभ केवल तारीखों का बदलना नहीं है, बल्कि आत्मा के भीतर चल रही उस मौन प्रक्रिया का संकेत है, जहां स्मृतियां, अनुभव, सीख और आशाएं एक साथ आकार लेती हैं। यह समय ठहरकर देखने का भी है और आगे बढ़ने का भी। बीता हुआ वर्ष हमारे जीवन का एक संपूर्ण अध्याय होता है। उसमें लिखी हर पंक्ति हमारे कर्मों, हमारे निर्णयों और हमारी भावनाओं से बनी होती है। कुछ पंक्तियां मुस्कान बनकर मन में उतर जाती हैं, तो कुछ पंक्तियाँ चुभती हुई पीड़ा की तरह स्मृतियों में रह जाती हैं। हँसी से भरे क्षण, आंखों को नम कर देने वाली रातें, संघर्ष से उपजी सुबहें और संतोष से भरी संध्याएँ, सब मिलकर उस वर्ष को हमारे जीवन की कथा में स्थायी बना देते हैं। समय लौटकर नहीं आता, पर वह हमें भीतर से गढ़कर अवश्य चला जाता है।




हर बीता हुआ समय हमें कुछ न कुछ सौंपता है। कभी वह अनुभव देता है, कभी धैर्य, कभी आत्मविश्वास और कभी आत्मबोध। कई बार ऐसा लगता है कि हमने बहुत कुछ खो दिया, पर बाद में समझ आता है कि वही खोना हमें अधिक सजग और मजबूत बना गया। कुछ सपने पूरे होते हैं, कुछ अधूरे रह जाते हैं और कुछ नए सपनों का बीज भी इसी प्रक्रिया में अंकुरित हो जाता है। वर्ष का अंत इन सबका मौन लेखा-जोखा है, जहाँ हमारा विवेक ही सबसे बड़ा साक्षी होता है।

नए साल की उम्मीद मनुष्य की सबसे सुंदर और उजली प्रवृत्ति है। चाहे बीता समय कठिनाइयों से भरा रहा हो, चाहे परिस्थितियाँ बार-बार परीक्षा लेती रही हों, फिर भी नए साल के आगमन के साथ मन में एक सहज विश्वास जन्म लेता है कि आगे कुछ बेहतर होगा। यही विश्वास जीवन को थामे रखता है। नया साल एक नए सवेरे की तरह होता है, जो यह संकेत देता है कि अंधेरा स्थायी नहीं होता और उजाले की संभावना कभी समाप्त नहीं होती।

यह उम्मीद केवल बाहरी परिस्थितियों के बदलने की नहीं होती, बल्कि स्वयं के भीतर परिवर्तन की आकांक्षा भी होती है। नए साल के साथ हम स्वयं से कई संकल्प करते हैं। अधिक संयम, अधिक परिश्रम, अधिक सकारात्मकता और अधिक संवेदनशीलता के साथ जीने की इच्छा जाग उठती है। पुराने दोषों को पीछे छोड़ने और नई आदतों को अपनाने का साहस इसी समय सबसे प्रबल होता है। इस प्रकार नया साल आत्मसुधार का एक सशक्त अवसर बन जाता है। समय की विदाई के साथ एक हल्का सा विषाद भी मन में उतर आता है। क्योंकि कुछ लोग, कुछ अवसर और कुछ क्षण स्मृतियों में ही सिमटकर रह जाते हैं। कभी यह अहसास होता है कि काश कुछ बातों को समय रहते कह दिया होता, कुछ रिश्तों को और अधिक सहेज लिया होता। यह पछतावा मन को उदास करता है, पर यही उदासी हमें आने वाले समय के प्रति अधिक सजग भी बनाती है। नया साल हमें भविष्य की ओर देखने की दृष्टि देता है। जीवन केवल बीते हुए पलों का संग्रह नहीं है, बल्कि निरंतर आगे बढ़ने की यात्रा है। यदि हम केवल अतीत की असफलताओं में उलझे रहें, तो आगे की राह धुँधली हो जाती है। नया समय यह सिखाता है कि बीते अनुभवों से सीख लो, पर उनमें बँधकर मत रहो। आगे का मार्ग हमारे साहस और कर्म की प्रतीक्षा करता है।

समय का यह निरंतर प्रवाह हमें विनम्र बनाता है। हर वर्ष का परिवर्तन यह याद दिलाता है कि जीवन क्षणभंगुर है। इसलिए जो समय हमारे पास है, उसे अर्थपूर्ण बनाना हमारा कर्तव्य है। नए साल की उम्मीद हमें यह अवसर देती है कि हम अपने रिश्तों को अधिक महत्व दें, अपने सपनों के प्रति ईमानदार रहें और समाज के प्रति अपने दायित्वों को गहराई से समझें।

पुराने की विदाई और नए आरंभ की यह घड़ी जीवन की उसी अनंत यात्रा का हिस्सा है, जहाँ हर संध्या एक नई सुबह की भूमिका बनती है। यह उम्मीद हमारे भीतर दीपक की तरह जलती रहती है, जो अँधेरे रास्तों में भी दिशा दिखाती है। जब नया वर्ष धीरे से दस्तक देता है, तब जीवन हमसे यही कहता है कि चलते रहो, सीखते रहो और विश्वास बनाए रखो। क्योंकि जब तक उम्मीद जीवित है, तब तक हर दिन नए सवेरे में बदलने की क्षमता रखता है। (विभूति फीचर्स)

## कर्म है तो उसका फल भी है

कर्म सबसे अधिक जाना-पहचाना और सबसे अधिक गलत समझा जाने वालो गुण है। कर्म का शाब्दिक अर्थ है-क्रिया। कर्म तीन प्रकार के होते हैं- प्रारब्ध, संचित और आगामी। कुछ कर्म बदले जा सकते हैं और कुछ नहीं। प्रारब्ध का अर्थ है- आरंभ, वह कर्म जो पहले से ही प्रकट हो रहा है। प्रारब्ध वह कर्म है, जो अभी फल दे रहा है। आप इसे टाल नहीं सकते या बदल नहीं सकते, क्योंकि यह पहले से ही हो रहा है। संचित कर्म 'एकत्रित' कर्म है। यह सुप्त या प्रवृत्ति के रूप में होते हैं। मन में कोई भी संस्कार सुप्त क्रिया है। यह क्रिया ही है, लेकिन सुप्त है। यह स्मृति की तरह ही है। स्मृति अभी क्रियाशील हो सकती है या सुप्त। संचित कर्म को आध्यात्मिक साधनाओं द्वारा प्रकट होने से पहले जलाकर नष्ट किया जा सकता है। आगामी का शाब्दिक अर्थ है- 'आने वाला'। आगामी कर्म वह कर्म है, जो अभी तक नहीं हुआ है, जिसका प्रभाव भविष्य में पड़ेगा। अगर आप कोई अपराध करते हैं तो हो सकता है कि आज आप पकड़े न जाएं, लेकिन आप इस संभावना के साथ जीते रहेंगे कि एक दिन आप पकड़े जायेंगे। यह आगामी कर्म है, कर्म का भविष्य। कर्म का विश्लेषण मत करो। बस अपना कर्तव्य करो और आगे बढ़ो। कर्म चाहे पिछले जन्म का हो या दस साल पहले का या दस मिनट पहले ही किया गया हो, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। अंततः सभी कर्म तो कर्म ही हैं, बस। यह भी तय है कि कर्म का फल भोगना ही पड़ता है। कर्म का लेखा ऐसा है, जो कभी नहीं मिटता, लेकिन हम अपने अच्छे कर्मों से अपने भाग्य के लेख को भी बदल सकते हैं, क्योंकि अच्छे कर्मों का फल अच्छा होता है।

## उपासना में श्रद्धा और विश्वास

**प्रेरक-प्रसंग**

मधुसूदन शास्त्री को विद्वानों के साथ शास्त्रार्थ करने की धुन थी। वह सैकड़ों विद्वानों को हरा चुके थे। इससे विद्वान अपमानित होकर दुखी हो जाते। ईश्वरीय प्रेरणा से एक दिन एक परमहंस मधुसूदन शास्त्री के पास पहुंचे और कहा, 'स्वामी जी, अपने हृदय पर हाथ रखकर बताइए, इन विद्वानों को जीतने पर आपको घमंड होता है या नहीं? यदि आपको घमंड होता है, तो इन्हें दुखी करने का पाप भी आपको लगेगा। पुस्तकों के असली ज्ञान को आत्मसात भी करना होता है।' उन परमहंस की ओजस्वी वाणी सुनकर मधुसूदन शास्त्री के चेहरे पर मलिनता आ गई। साथ ही अंदर से प्रेरणा हुई और उन्होंने क्षमा मांगते हुए मंत्र दीक्षा के लिए आग्रह किया। उन दयालु परमहंस ने उनको श्रीकृष्ण का मंत्र देकर कहा, श्रद्धा और विश्वास के साथ उपासना करोगे, तो तीन महीने में भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन हो जाएंगे। तीन महीने बाद जब भगवान के दर्शन नहीं हुए, तो मधुसूदन शास्त्री खिन्न होकर चल दिए। रास्ते में उन्हें एक साधारण इन्सान मिला और कहा, 'स्वामी जी! ईश्वर प्राप्ति के लिए लोग कई जन्मों तक तपस्या करते हैं और आप तीन महीने में ही घबरा गए।' यह बात सुनते ही शास्त्री जी उनके चरणों में गिर पड़े, तो देखा वह साधारण इन्सान वही परमहंस थे। उन्होंने कहा, तीन महीने और उपासना करो। इसके बाद मधुसूदन शास्त्री को भगवान श्रीकृष्ण के साक्षात दर्शन हुए।

# जिला अस्पताल में ग़लत चिकित्सा प्रमाण पत्र बनाये जाने के मामले की जांच के निर्देश




**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला बिजनौर के माननीय प्रभारी मंत्री/राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग, कपिल देव अग्रवाल ने जिला अस्पताल में चिकित्सा प्रमाण-पत्र गलत बनाए जाने के मामले का संज्ञान लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि उक्त प्रकरण की जांच कर दोषी के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करें।

उन्होंने जल निगम ग्रामीण द्वारा ग्रामों में खोदी गई सड़कों की समुचित मरम्मत न कराए जाने के कारण आमजन को हो रही भारी परेशानी की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि पेयजल योजना से अच्छादित ग्रामों की सूची प्राप्त कर उपजिलाधिकारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से जांच कराकर आख्या तीन दिन के भीतर उनको उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## प्रभारी मंत्री ने की जन कल्याणकारी योजनाओं व विकास कार्यों की समीक्षा

प्रभारी मंत्री/राज्य मंत्री कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में आयोजित केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे।

उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए पूर्ण सजगता और तत्परता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। बैठक के दौरान जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा मंत्री को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा दिये गए निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए विकास एवं निर्माण कार्यों को पूर्ण मानक एवं समयबद्धता के साथ पूरा कराया जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष साकेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक धामपुर अशोक राणा, जिलाध्यक्ष भाजपा भूपेंद्र चौहान, जिलाधिकारी जसजीत कौर, मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, प्रशासन वंशिका दीक्षित, अपर पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह सहित सभी उप जिलाधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# बिजनौर में अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन

## अटल जी ने राजनीति को केवल सत्ता का माध्यम नहीं माना : कपिल देव




**बिजनौर ( चिंगारी )।** प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई ने राजनीति को केवल सत्ता का माध्यम नहीं माना, बल्कि उसे सेवा, संवाद और संस्कार से जोड़कर एक नई पहचान दी। उन्होंने कहा कि उनका व्यक्तित्व और कृतित्व हर पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है।

बुधवार को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी समारोह 2024-25 के अवसर पर अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन किरण उत्सव मंडप में किया गया। सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय मंत्री अनुप वाल्मीकि ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई का जीवन भारतीय राजनीति में नैतिकता, सहमति और संवाद का प्रतीक रहा है। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही देश और समाज को आगे बढ़ाया जा सकता है। भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी की अध्यक्षता व जितेंद्र राजपूत के संचालन में आयोजित सम्मेलन में विधायक पति ऐश्वर्य मौसम चौधरी, महिला आयोग सदस्य संगीता जैन, क्षेत्रीय मंत्री हरजिंदर कौर, मनोज अहलावत, अंकुर गौतम, दीपक मंडल, पुष्पराज कमल, चिंकी शिवम, पूनम गोयल, डॉ. रचना पाल, विकास अग्रवाल, जोगेंद्र वालिया, दीपक गर्ग, संजीव गुप्ता, मानव सचदेवा, राजीव राजपूत, मनदीप चौधरी, ललित चौधरी, वरुण राजपूत, राजनारायण शर्मा, आशीष शर्मा, जगदीश प्रधान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# भाकियू हिंद ने संगठन से जुड़े युवकों को सम्मानित किया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन हिंद ने ग्राम टिककोपुर में कार्यक्रम आयोजित कर संगठन से जुड़े सक्रिय युवाओं को सम्मानित किया।

बुधवार को भाकियू हिन्द के ग्राम टिक्कोपुर में आयोजित कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी साजिद अली ने ग्राम टिककोपुर निवासी युवा प्रदेश महासचिव मौहम्मद गुलफाम चौधरी और नगर महासचिव मौहम्मद माजिद को संगठन के लिए किए जा रहे कार्यों के लिए सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से संगठन को मजबूती मिल रही है। चौधरी साजिद अली ने किसानों से भारतीय किसान यूनियन हिंद से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि संगठन का किसी भी राजनीतिक दल से कोई संबंध नहीं है। पार्टी का उद्देश्य केवल किसानों, मजदूरों और कमजोर वर्ग के लोगों के हक की आवाज उठाना है।

# नगर पालिका ने किया बच्चों को पोषण आहार किट का वितरण




**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद के डॉ. भीमराव अंबेडकर सभागार में बच्चों के स्वास्थ्य संवर्धन हेतु पोषण आहार किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में कुल 154 बच्चों को पोषण किट भेंट की गई। कार्यक्रम का संचालन अधिशासी अधिकारी विकास कुमार ने किया। कार्यक्रम में 35 सैम (अति कुपोषित) और 119 मैम (मध्यम कुपोषित) श्रेणी के बच्चों को विशेष आहार किट दी गई। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह ने कहा कि नगर को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने खुशी जताई कि निरंतर प्रयासों से कुपोषित बच्चों की सेहत में सुधार हो रहा है। उन्होंने आह्वान किया कि नगर को पूरी तरह कुपोषण मुक्त बनाने के लिए सभी को मिल-जुलकर जिम्मेदारी निभानी होगी। इस मौके पर सफाई निरीक्षक गोविंद चौधरी, संदीप कुमार, आईसीडीएस की सुपरवाइजर, स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि और नगर की आंगनबाड़ी कार्यकत्री मुख्य रूप से मौजूद रहीं।

# ठाकुर हरगुलाल सिंह की याद में सभा का आयोजन किया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** ग्राम केलावाला शहबाजपुर में स्वतंत्रता सेनानी एवं प्रख्यात समाजवादी ठाकुर हर गुलाल सिंह की याद में सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम आयोजक संजीव राजपूत प्रबंधक आदर्श विद्या निकेतन इंटर कॉलेज केला रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवकुमार राजपूत राष्ट्रीय अध्यक्ष आर्यावर्त रवा राजपूत एकता सेवा समिति भारत ने एवं संचालन शेखर सिंह राजपूत महासचिव आर्यावर्त रवा राजपूत एकता सेवा समिति तथा सहसंचालन शेखर सिंह राजपूत ने किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. प्रेम सिंह पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोशलिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया एवं मुख्य वक्ता चरण सिंह राजपूत राष्ट्रीय प्रवक्ता भारतीय सोशलिस्ट मंच रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि आदित्य कुमार एडवोकेट राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय सोशलिस्ट मंच, प्रवक्ता देवेंद्र अवाना प्रदेश प्रभारी भारतीय सोशलिस्ट मंच, देवेंद्र सिंह गुर्जर जिला अध्यक्ष गौतम बुद्ध नगर, शौकत अली एडवोकेट वरिष्ठ सदस्य जिला बार एसोसिएशन गाजियाबाद, विनीत राजपूत अध्यक्ष रवा राजपूत संघ बिजनौर विद्यालय व प्रिंसिपल गिरिराज सिंह, मास्टर धर्मेंद्र सिंह, सत्येंद्र सिंह गुरुजी, जयप्रकाश राजपूत, मनोज राजपूत विधानसभा प्रभारी समाजवादी पार्टी बिजनौर, एडवोकेट सुखबीर सिंह राजपूत, नरेंद्र पाल सिंह राजपूत, मास्टर कुमार पाल सिंह राजपूत मास्टर तिलकराम राजपूत अध्यक्ष, कलीराम सिंह राजपूत कोषाध्यक्ष आर्यावर्त रवा राजपूत एकता सेवा समिति बिजनौर, शशि कला राजपूत अध्यक्ष, उमा राजपूत महासचिव, विनोद देवी राजपूत उपाध्यक्ष आर्यावर्त रवा राजपूत एकता सेवा क्षत्राणी समिति बिजनौर आदि ने अपने विचार ने व्यक्त किये। मुख्य वक्ता चरण सिंह राजपूत ने ठाकुर हरगुलाल सिंह के अनछुवे पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज जरूरत है ठाकुर हरगुलाल सिंह के सादगी को जीवन में उतारकर उनके विचारों को आत्मसात करने की।

# सरकड़ा चकराजमल में शिवलिंग व नंदी प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किया

## पुलिस ने पहुंच कर स्थिति को संभाला



**धामपुर ( चिंगारी )।** कोतवाली धामपुर क्षेत्र के गांव सरकड़ा चकराजमल में अज्ञात तत्वों द्वारा गांव के भीतर स्थित एक मंदिर से शिवलिंग और नंदी प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किये जाने का मामला सामने आया है। घटना का पता उस समय चला जब आज सुबह ग्रामीण पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे। क्षतिग्रस्त प्रतिमाएं देखकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त हो गया और कुछ ही समय में यह सूचना पूरे गांव में फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मंदिर परिसर में एकत्र हो गये। सूचना पर कोतवाली पुलिस भी तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। ग्रामीणों और पुलिस की सूझबूझ से किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से क्षतिग्रस्त शिवलिंग और नंदी प्रतिमा को धार्मिक परंपराओं के अनुसार विसर्जन के लिए हरिद्वार भेज दिया। वहीं गांव में नई शिवलिंग और नंदी प्रतिमा की स्थापना की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मामले की जांच के लिए पुलिस ने गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दिये है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय पांडे और कोतवाल मृदुल कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत कर शांति बनाए रखने की अपील की। पुलिस का कहना है कि दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल गांव में स्थिति पूरी तरह शांत बनी हुई है।

# शीत लहर के बावजूद गुरुवाणी गायन के साथ निकली अंतिम प्रभातफेरी



**धामपुर ( चिंगारी )।** दशमेश गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के पावन प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में निकाली गई प्रभातफेरी में सबसे आगे साहिबजादा बाबा अजीत सिंह गतका दल के सेवादार हाथ में झाड़ू लेकर मार्ग को साफ करते हुए तथा जल का छिड़काव करते हुए चल रहे थे। इस दौरान नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौक के निकट शांति कंपलेक्स स्थित सलूजा एंटरप्राइजेज परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में नगर के अनेक नागरिकों को सम्मानित किया गया। समारोह में जावेद रहमान शमसी, एसपी सलूजा, ज्ञानी रघुवीर सिंह, सरदार सुरेंद्र सिंह चंदन, सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट, सरदार गुरुचरण सिंह चावला, पवन सलूजा एडवोकेट, सरदार महेंद्र सिंह सलूजा आराधक, सरदार मनप्रीत सिंह बॉबी आदि शामिल रहे।

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा से गुरु महाराज के वजीर ज्ञानी रघुवीर सिंह एवं प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट, सचिव सरदार गुरचरण सिंह चावला के निर्देशन में निकाली गई प्रभात फेरी का राजेंद्र कुमार दुआ, प्रियंका रानी दुआ, तथा यश कुमार दुआ के परिवार की ओर से तथा सरदार सतवंत सिंह सलूजा, पूर्व पालिका सभासद बीबी जगमीत कौर सलूजा, सरदार अमनदीप सिंह सलूजा एवं बीबी कुलमीत कौर सलूजा के परिवार की ओर से हुआ।

समाजसेवी मनोज कुमार चौहान, सपना रानी चौहान, कौरल चौहान तथा पूर्णा चौहान के परिवार की ओर से तथा सरदार रविंद्र सिंह सीडाना एवं सरदार तनप्रीत सिंह मोगा की ओर से हुआ, जिसमें सरदार हरपाल सिंह चावला, सरदार तरजीत सिंह मोगा, सरदार गुरशरण सिंह मोहन, सरदार मनदीप सिंह भुल्लर, सरदार सुरेंद्र सिंह हुड्डा, सरदार गुरमीत सिंह सीडाना, सरदार जसपाल सिंह छाबड़ा, सरदार जसविंदर सिंह चावला शामिल रहे।

इस अवसर पर सम्मान पाने वालों में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव कुमार सिसोदिया, हिंदू युवा वाहिनी के मुरादाबाद मंडल प्रभारी डॉक्टर एनपी सिंह, युवा समाजसेवी अवनीश कुमार चौहान, रिंकू चौहान आदि अनेक प्रतिष्ठित नागरिक शामिल रहे। जबकि प्रभात फेरी का चौथा स्वागत गुरु रामदास, सेवादल के जत्थेदार सरदार रविंद्र सिंह सीडाना एवं सरदार तनप्रीत सिंह मोगा के संरक्षण एवं निर्देशन में किया गया। इस स्थान पर वरिष्ठ रोटेरियन एसपी सलूजा एवं रोटेरियन सरदार सतपाल सिंह चावला आदि के अलावा अनेक नागरिकों को विशेष सम्मान भी प्रदान किया गया।

# बढ़ती ठंड एवं शीतलहर के मद्देनजर संस्थाओं ने कंबल बांटे कुष्ठ आश्रम पहुंच कर



**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर की दो सामाजिक संस्थाओं राष्ट्रीय सूर्यवंशी सैनी संगठन तथा फौजी प्रथम फिजिकल अकादमी द्वारा वर्ष 2025 की विदाई तथा वर्ष 2026 के आगमन पर बुधवार की देर शाम कुष्ठ आश्रम में पहुंचकर आश्रम में रहने वाले पुरुषों महिलाओं और बच्चों को शीतलहर और कड़ाके की ठंड से बचाव हेतु कंबलों और भोजन का वितरण किया गया। इसके अलावा नगर के विभिन्न स्थानों पर ठंड से ठिठुरते हुए लोगों को भी दोनों संस्थाओं की ओर से कंबलों और भोजन की उपलब्धता कराई गई। दोनों संस्थाओं द्वारा 40 कंबलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सूर्यवंशी सैनी संगठन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सूर्यवंशी शिवम सैनी तथा फौजी प्रथम फिजिकल अकादमी के डायरेक्टर एवं समाजसेवी फौजी प्रथम सैनी के संरक्षण और निर्देशन में कुष्ठ आश्रम पहुंचे पुरुषों एवं महिलाओं में प्रमुख रूप से गीता देवी, अनीता देवी, शिवांश कुमार शोरेया, राजवीर सिंह सैनी, सचिन सैनी, प्रशांत सैनी, अभय सैनी, आशु सैनी आदि ने आश्रम वासियों को जब कंबलों और भोजन का वितरण किया, तो उनके चेहरों पर मुस्कान देखने को मिली। आश्रम वासियों ने बताया कि भीषण ठंड एवं चारों ओर छाए हुए कोहरे तथा शीत लहर के बीच जब भी धामपुर से लोग उनके आश्रम में आते हैं तो ऐसा महसूस होता है कि जैसे उनकी मदद करने के लिए कुदरत ने फरिश्तों को भेज दिया है। इस दौरान सूर्यवंशी शिवम सैनी तथा अकादमी के डायरेक्टर फौजी प्रथम सैनी ने आश्रम की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया और आश्रम वासियों की समस्याओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। कुष्ठ आश्रम के बाद इन समाजसेवियों ने नगर के विभिन्न भागों में घूम कर जहां भी कोई पुरुष या महिला ठिठुरते हुए दिखाई दिए, उन्हें भी कंबलों और भोजन की उपलब्धता कराई।

# विद्या मंदिर जैतरा में द्वितीय सप्त शक्ति कार्यक्रम हुआ

## आर्थिक रूप से कमजोर महिला को सम्मानित किया



**धामपुर ( चिंगारी )।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से सम्बद्ध मां शान्ति बाई सरस्वती शिशु/ विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज जैतरा में कल द्वितीय सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता श्रीमती कविता रानी (आचार्या बलराम कुंवर सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज नहटौर) ने कुटुम्ब प्रबोधन पर अपने विचार रखें। श्रीमती पूर्णिमा शर्मा ( आचार्या सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज, धामपुर) ने भारतीय समाज में महिलाओं की भूमिका विषय पर अपने विचार व्यक्त किये तथा सप्त शक्ति का अर्थ स्पष्ट किया। डॉ. पूनम चौहान (प्राचार्या एसबीडी महाविद्यालय धामपुर) ने परिवार में भारतीय संस्कृति विषय पर विचार रखे।

इस अवसर पर नवादा निवासी श्रीमती सुमन रानी को अपनी कमजोर आर्थिक स्थिति होते हुए भी बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक रखने पर सम्मानित किया गया। अतिथियों का परिचय विद्यालय की आचार्या श्रीमती हिमानी राठी द्वारा कराया गया। कार्यक्रम की संयोजिका विद्यालय की आचार्या श्रीमती रुद्रेश रहीं तथा संचालन आचार्या कु. रुपांजलि ने किया। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. इन्द्रवीर सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की आचार्या श्रीमती कमलेश, श्रीमती अनुपमा एवं रानी का विशेष सहयोग रहा।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत

**धामपुर ( चिंगारी )।** नेशनल हाईवे 74 पर ग्राम हबीबवाला के पास देर रात सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। अज्ञात वाहन चालक ने सामने से आ रहे बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार नीचे गिर गया। बाइक सवार की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। प्राप्त विवरण के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भगवानवाला निवासी 45 वर्षीय वीर सिंह सैनी बुधवार की देर रात बाइक से अपने घर को लौट रहा था। जैसे ही उसकी बाइक हबीबवाला बस अड्डे के पास पहुंची तो तभी सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही व सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना की सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धामपुर में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया। जैसे ही मृतक के परिजनों को जानकारी मिली तो परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे।

# जश्न में डूबा बिजनौर
# नये साल का स्वागत किया पुरजोर
## खूब हुआ धूमधड़ाका, पुलिस रही मुस्तैद

**बिजनौर (चिंगारी)।** शहर में नये साल का स्वागत उत्साह के साथ किया गया। रात को 12 बजते ही लोगों ने जमकर आतिशबाजी की। इस दौरान पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही। कहीं से किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं है।

लोगों ने होटलों और आवासीय इलाकों में नववर्ष की पूर्व संध्या पर डीजे, संगीत और भोजन आदि की व्यवस्था के साथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। शाम होते ही शहर का माहौल खुशनुमा हो गया। आधी रात तक शहर की सड़कों पर चहल-पहल बनी रही।




### दिन छिपते ही पुलिस ने मोर्चा संभाला

नववर्ष की पूर्व संध्या पर दिन छिपते ही पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया था। इस दौरान सड़कों के साथ-साथ होटलों आदि पर कड़ी नजर रखी गई। चैकिंग अभियान चलाया गया। शराब पीकर हुड़दंग करने वालों पर लगाम कसी गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को रोककर समझाया गया, वहीं लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की गई। कई स्थानों पर ब्रेथ एनालाइजर से वाहन चालकों की जांच की गई, जिसमें कुछ चालक शराब के नशे में पाए गए।

### 500 से अधिक वाहनों के किये चालान

यातायात और थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान चलाते हुए 500 से अधिक वाहनों के चालान किए। शराब पीकर वाहन चलाने के मामलों में 30 चालान किए गए और हजारों रुपये का जुर्माना लगाया गया।

# बार कौंसिल के चेयरमैन का स्वागत किया



**चांदपुर (चिंगारी)।** बार कोंसिल के चेयरमैन शिव किशोर गौड़ का तहसील पहुंचने पर अधिवक्ताओं द्वारा फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। बार हाल में आयोजित कार्यक्रम में बार कौंसिल के चेयरमैन शिव किशोर गौड़ ने कहा कि उन्होंने सदैव अधिवक्ताओं के लिए कार्य किया है, और आगे भी करते रहेंगे। इस अवसर पर सीनियर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप कुमार चौहान एडवोकेट, महासचिव मनोज कुमार, नीरज तिवारी एडवोकेट,अजय शर्मा, अर्चना शर्मा, कुलदीप सिंह, राजीव गर्ग, संजीव गर्ग, इंतजार जैदी,नईम हैदर जैदी,नवाब अहमद आदि अधिवक्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेन्द्र सिंह पंकज ने किया।

# भाकियू टिकैत का जलवा
## नववर्ष पर बांटा चाय और हलवा



**नूरपुर (चिंगारी)।** बृहस्पतिवार को नववर्ष पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के ब्लाक अध्यक्ष अमरपाल चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नहटौर चौराहे पर सर्द हवाओं के बीच हलवा और चाय का प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री अशोक धनकड़, जिला सचिव मास्टर देवेंद्र सिंह, बिट्टू चौहान, मोनू चौधरी, मनीष धनकड़, भोपाल सिंह, नरेश सिंह,यादराम सिंह आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 30 साल पुरानी दीवार तोड़कर क़ाबिज़ हो गया दूसरा पक्ष



**नहटौर (चिंगारी)।** 30 साल पुरानी दीवार को तोड़कर दूसरे पक्ष ने कब्जा कर लिया। पीड़ित पक्ष ने पुलिस एवं उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। मामला दो अलग-अलग पक्ष का होने के चलते पुलिस

### पुलिस कार्रवाई में जुटी

कार्रवाई में जुट गई है।

बुधवार को पुलिस से की शिकायत में मौहल्ला अफगनान निवासी मोहम्मद शोएब का आरोप है कि उसने हल्दौर रोड पर 1991 में एक जमीन का बैनामा कराया था। साथ ही थोड़ी सी जमीन और ली थीं, जिसका बैनामा 19 जून 1997 को हुआ था। जिस पर बाउंड्री बनी हुई थी। आरोप है कि मंगल/बुधवार की रात्रि में किसी समय पास के ही तीन लोगों ने उनकी जमीन पर अवैध कब्जा करने की नीयत से दीवार तोड़ दी। पुलिस ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है, मामला राजस्व से जुड़ा है, जिसके लिए उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया है।

# सरकारी क्रय केन्द्रों पर गेहूं बेचने के लिए किसानों का पंजीकरण जरूरी

**बिजनौर (चिंगारी)।** अपर जिलाधिकारी (वि/रा)/जिला खरीद अधिकारी वान्या सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अगामी रबी विपणन वर्ष 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा गेहूं का समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। जबकि रबी विपणन वर्ष 2025-26 में गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य रुपये 2425/-प्रति कुंतल था। रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अन्तर्गत जनपद में गेहूं खरीद एक मार्च, 2026 से प्रारम्भ होगी। उन्होंने बताया कि गेहूं खरीद के लिए किसानों का पंजीयन खाद्य विभाग की वेबसाइट पर (बैंक खाता संख्या, खतौनी, आधार कार्ड एवं मोबाइल नम्बर के आधार पर) किसान पंजीयन मॉड्यूल सक्रिय किये जाने के उपरान्त, कृषक द्वारा स्वयं, जनसूचना केन्द्र, इन्टरनेट कैफे अथवा किसान मित्र एप के द्वारा कराया जा सकता है। जो कृषक खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में धान खरीद के लिए पंजीयन करा चुके हैं, उन्हे गेहू विक्रय के लिए पुन: पंजीयन कराने की आवश्यकता नहीं होगी।

# सपा ने श्रद्धापूर्वक मनायी राज नारायण की पुण्यतिथि




**बिजनौर (चिंगारी)।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय, बिजनौर पर समाजवादी आंदोलन के महान नेता, लोकबंधु राज नारायण की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके सिद्धांतों को स्मरण किया। कार्यक्रम के अंतर्गत एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शेख ज़ाकिर हुसैन ने की तथा संचालन जिला कार्यालय प्रभारी अहमद खिज़र खान ने किया।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष शेख ज़ाकिर हुसैन ने कहा कि लोकबंधु राज नारायण जी सामाजिक न्याय, लोकतंत्र और शोषित-वंचित वर्गों के अधिकारों के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने सत्ता के विरुद्ध संघर्ष कर लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की और देश की राजनीति को नई दिशा दी। उनका जीवन सादगी, ईमानदारी और जनसेवा की अनुपम मिसाल है।

इस अवसर पर डॉ. रहमान, प्रभा चौधरी, मदन सैनी, महमूद कस्सार, चौधरी दारा सिंह, अख़लाक पप्पू,डॉ. योगेंद्र चौधरी, दिनेश चौधरी, सुधीर चौधरी, हाजी जावेद राइन, वकार राइन, देवानंद भूइयार कसिम कुरैशी, विनय ठेकेदार एवं अहमद खिज़र खान सहित अनेक नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम श्रद्धा, अनुशासन एवं समाजवादी मूल्यों के साथ संपन्न हुआ।

# अवैध खनन व ओवरलोड वाहन रोकने को डीएम को ज्ञापन दिया

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन प्रधान ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी बिजनौर जसजीत कौर को देकर जिले में मिट्टी व बालू का अवैध खनन व ओवरलोड खनन सामग्री के वाहनों पर रोक लगाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि जनपद बिजनौर में डीएम ने बालू व मिट्टी का खनन प्रतिबंधित कर रखा है। लेकिन जनपद बिजनौर की सभी तहसील के साथ मुख्य रूप से तहसील नजीबाबाद व नगीना में अवैध रूप से दिन-रात जेसीबी तथा पॉकलेन मशीनों से अवैध खनन के साथ रात्रि में ओवरलोड खनन सामग्री के वाहन चल रहे है। हाल ही में कोटद्वार रोड बीरुवाला से ओवरलोड व रात को चल रहे अवैध खनन के डंपर द्वारा एक किसान की घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी। जिसकी शिकायत भाकियू प्रधान द्वारा पूर्व में कई बार की गई। लेकिन एसडीएम नजीबाबाद व तहसीलदार नजीबाबाद को ज्ञापन देने पर भी कोई उचित कार्रवाई करने नहीं हो पाई। साथ ही अधिकारी फोन भी नहीं रिसीव करते हैं। जिससे जनता में काफी रोष है। उन्होंने इन अधिकारियों का स्थानांतरण कराने की मांग की। नजीबाबाद व नगीना में कई होटलों में हो रहे अनैतिक कार्य के मामलों में भी अधिकारी शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। भाकियू प्रधान के पदाधिकारियों ने समस्याओं का समाधान न होने पर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन करने के लिए बाधित होने की बात कही है। जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में भाकियू प्रधान के प्रदेश प्रवक्ता जावेद राईन, रामोद कुमार (जिला अध्यक्ष) व्यापार मंडल, नीरज बालियान (तहसील अध्यक्ष) नजीबाबाद, नरेंद्र सिंह (जिला मीडिया प्रभारी), रफीक कुरैशी (नगर अध्यक्ष) जलालाबाद, मोहम्मद आमिल अंसारी (ब्लॉक अध्यक्ष) नजीबाबाद, महफूज, आफताब, शमशाद हुसैन, फैसल, अमीर, फैजान, अरुण कुमार आदि शामिल रहें।



डीएम को ज्ञापन देते भाकियू प्रधान के पदाधिकारी।


सभी भांजे-भांजियों और जनपदवासियों को
नववर्ष-2026 की हार्दिक शुभकामनाएं/दिली मुबारकबाद
शमीम अहमद मामा
काजीपाड़ा, बिजनौर






सभी देशवासियों एवं क्षेत्रवासियों को
नववर्ष 2026
की हार्दिक शुभकामनाएं
अबरार आलम
एडवोकेट
पूर्व ब्लॉक प्रमुख नजीबाबाद
वरिष्ठ बसपा नेता ग्राम भागूवाला



सभी देशवासियों, जनपदवासियों, क्षेत्रवासियों, शिक्षकों, शुभचिंतकों व सर्वहारा वर्ग को नववर्ष 2026 की
हार्दिक शुभकामनाएं
भगवान से प्रार्थना है कि नववर्ष हम सब के लिए नई खुशियां लेकर आए
सुरेन्द्र मलिक
वरिष्ठ शिक्षक नेता
चांदपुर



आप सभी को नव वर्ष व श्री गुरु गोविंद सिंह जी के 359वें प्रकाश पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं!
नूतन वर्ष 2026 का नव प्रभात आप सबके जीवन को सुख, शांति, समृद्धि और सौभाग्य से आलोकित करे यही मेरी मंगलकामना है।
हरविंदर सिंह बिल्लू
निवासी ग्राम उमरी बड़ी



सभी देशवासियों व क्षेत्रवासियों एवं शुभचिंतकों को
नव वर्ष - 2026
की हार्दिक-शुभकामनाएं
अमित कुमार
पीली चौकी, हादरपुर
डायरेक्टर- गन्ना समिति बिजनौर



युवा शक्ति नया जोश
गांव की एकता, अखंडता हमारी कसम है,और गांव का चहुँमुखी विकास हमारा सपना,
ग्राम पंचायत अताई जमरुद्दीन से
प्रधान पद के उम्मीदवार
जहिर अहमद
की ओर से सभी क्षेत्र एव गांववासियों को
नए साल 2026 व गणतंत्र दिवस
की दिली मुबारकबाद
निवेदक समस्त ग्रामवासी





# सेल में खरीदारी कर रही युवती को चाकू की नोक पर बंधक बनाया

## पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छुड़ाया

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के रेलवे स्टेशन रोड पर एक सिरफिरे युवक द्वारा कपड़ा खरीद रही लड़की को पकड़कर चाकू की नोक पर उस बंधक बनाकर हमले का प्रयास किया। इस घटना से मौके पर मौजूद लोगों में दहशत फैल गई तथा क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है। बुधवार की शाम को नगर के स्टेशन रोड पर कृष्ण टॉकीज के पास लगी दिल्ली धमाका सेल में एक सिरफिरे युवक ने वहां कपड़ा खरीद रही एक युवती को पकड़ लिया तथा उसे चाकू की नोक पर कब्जे में लेते हुए बंधक बना लिया। युवक द्वारा लड़की पर चाकू से हमले के प्रयास से सेल में दहशत का माहौल बना गया। युवक के हाथ में चाकू से डरी लड़की के रोने चिल्लाने से वहां काफी लोगों की भीड़ जमा हो गई। कोई भी व्यक्ति युवक के हाथ में चाकू होने से लड़की को उससे छुड़ाने की हिम्मत नहीं कर पाया। इसी दौरान उधर से गश्त पर निकले सीओ नितेश प्रताप सिंह ने सूचना मिलते



ही फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर लड़की को सरफिरे युवक के कब्जे से छुड़ा लिया तथा युवक को हिरासत में ले लिया। पुलिस युवक को पूछताछ के लिए अपने साथ थाने ले गई। घटना

**लड़की को चाकू की नोक पर बंधक बनाए युवक व आरोपी को पकड़कर ले जाती पुलिस।**



के बाद शोर सुनकर मौके पर स्थानीय लोग इकट्ठा हो गए। लड़की आदर्श नगर तथा युवक कही बाहर का निवासी बताया जाता है। युवक का नाम अजीत बताया गया। इस संबंध में नजीबाबाद पुलिस क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह ने बताया कि घटना के संबंध में पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को देख रही है। एक सिरफिरे व्यक्ति द्वारा युवती पर चाकू लगाकर मारने का प्रयास किया गया है। युवक को हिरासत में लिया गया है। लड़की का मेडिकल कराया गया है। अभियुक्त से पूछताछ की जा रही है।

## नेल आर्टिस्ट के बेस्ट अवार्ड से सम्मानित हुए निगार



नजीबाबाद (चिंगारी)। सिटी लुक ब्यूटी एकेडमी की ओर से दिल्ली निर्माण विहार गीता कॉलोनी में स्थित सिटी प्लेस बैंक्विट हॉल में नेल आर्टिस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छोटी सी उम्र में आमिर निगार नेल आर्टिस्ट ने अपनी कलाकारी का लोहा मनवाया। उनकी इस कलाकारी की जमकर सराहना की जा रही है, जिसका नतीजा यह है कि आए दिन आमिर निगार को बॉलीवुड हस्तियों से लेकर टीवी कलाकारों से सम्मानित किया जा रहे हैं, उनको बेस्ट व बड़े अवार्ड से नवाजा जा रहा है। जिसमें कई सेलिब्रिटी व टीवी कलाकार पहुंचे। कार्यक्रम में आमिर निगार द्वारा सेलिब्रिटियों के नेल्स (नाखून) को सजाया गया। उन्होंने नेल्स को एक से एक सुंदर डिजाइन बनाकर सजाया। महिलाओं के नेल्स भी उनकी खूबसूरती का एक अहम हिस्सा माना जाता है, शर्त है कि उनकी देखभाल व साज सजावट करने वाला चाहिए। आमिर निगार की कलाकारी को कॉलोनी अपनी अपनी सर आंखों पर रखा। टीवी कलाकार सेलिब्रिटी चाहत पांडे ने निगार को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। वही अमीर निगार ने नाखूनों की देखभाल व उनको सुंदर रखने के टिप्स भी बताएं। कार्यक्रम के निदेशक मनोज शर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोनिया शर्मा एवं संचालन मानसी ने किया। प्रोग्राम एम प्रेजेंट पीपल अजीज इंडिया, ममता सिंह, राधिका मेकओवर, नमिता जैन, सीजबी की निदेशक गीता डागर, पिंकी, वर्षा मेकओवर, फैजान, उस्मान, आसिम, सिरस्ती अरोरा, आशा मेकओवर, एंकर मानसी आदि मौजूद रहे। कोरियोग्राफर आमिर निगार राजधानी से लेकर बॉलीवुड जगत में छाए हुए हैं और कई बड़े शहरों में जिला बिजनौर का नाम रोशन कर रहे हैं।













# अनारदाना खून बढ़ाए, इसकी चटनी भूख जगाए

## आंतों की सूजन मिटाये, रुखी त्वचा में चमक लाये, गठिया का दर्द भी मिटाये

"आलू के पराठे के मसाले में अनारदाना, काला-खट्टा फ्लेवर के ड्रिंक में अनारदाना, छोले-कुलचे या छोले-भटूरे में अनारदाना स्वाद को कई गुना बढ़ा देता है। घर में अमचूर, इमली या खटाई न हो तो कोई बात नहीं, अनारदाना इसकी कमी पूरी कर देगा। स्वाद के साथ अनारदाना औषधीय गुणों से भी भरपूर होते हैं। अनार के फल से दाने निकालकर उसे सुखाकर अनारदाना बनाया जाता है। अनारदाने का लाल रंग उसमें मौजूद पॉलिफेनोल्स के कारण होता है। ये केमिकल्स एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं। किसी भी दूसरे फल की तुलना में इसमें एंटी ऑक्सीडेंट्स ज्यादा मिलते हैं। ग्रीन टी के मुकाबले इसमें तीन गुना ज्यादा एंटी ऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। अनारदाने न केवल शरीर से जहरीले तत्व बाहर निकलता है, बल्कि शरीर में सूजन की समस्या को भी दूर करता है। अनारदाना में पॉलिफेनोल्स होने के कारण याददाश्त तेज होती है, इसलिए अल्जाइमर के मरीजों को अनारदाना खाने की सलाह दी जाती है।"


### मेनोपॉज और ओस्टियोपोरोसिस में देता फायदा

❍ अनार में 80 प्रतिशत जूस और 20 प्रतिशत बीज होता है। फ्रेश जूस में 85 प्रतिशत वॉटर, 10 प्रतिशत शुगर और 1.5 प्रतिशत पेक्टिन, एस्कॉर्बिक एसिड और पॉलिफेनोलिक फ्लेवोनोएड्स होते हैं।
❍ सूखे अनारदानों में स्ट्रॉएड एस्ट्रोजन एस्ट्रोन और फाइटोस्ट्रोजन होते हैं। महिलाओं को मेनोपॉज और हड्डियों यानी ओस्टियोपोरोसिस की समस्या में अनारदाना का इस्तेमाल करना चाहिए।
❍ अनारदाना में पोटैशियम और विटामिन K की मात्रा अधिक होती है। पोटैशियम से शरीर में फ्लूड बैलेंस बना रहता है, वहीं विटामिन K हड्डियों की मजबूती के लिए जरूरी है।
❍ अनारदाना में पोटैशियम और विटामिन K की मात्रा अधिक होती है। पोटैशियम से शरीर में फ्लूड बैलेंस बना रहता है, वहीं विटामिन K हड्डियों की मजबूती के लिए जरूरी है।

### रूखी स्किन में अनारदाना फायदेमंद

❍ अनारदाना की छोटी मात्रा में भी न्यूट्रिएंट्स अधिक होते हैं। आधे चम्मच अनारदाना पाउडर में विटामिन C की भरपूर मात्रा मिलती है।
❍ आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. मंजुला कारलावाड़ बताती हैं कि जिनकी स्किन रुखी या खुरदरी है उन्हें अनारदाना पाउडर को शहद के साथ मिलाकर खाना चाहिए, इससे त्वचा का रुखापन दूर होगा।

### अनारदाना कब न खाएं




### अनारदाना खून बढ़ाये और पतला बनाये

❍ जिन्हें हाई ब्लड प्रेशर और हार्ट से जुड़ी परेशानियां हैं उनके लिए अनारदाने का इस्तेमाल जरूरी हो जाता है। आर्टरीज में प्लेक जमा होने को एथेरोसेलेरोसिस कहते हैं।
❍ अनारदाना को नेचुरल ब्लड थिनर भी कहा जाता है। यह एलडीएल या बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करता है और गुड कोलेस्ट्रॉल यानी एचडीएल को बढ़ाता है।
❍ अनारदाना से शरीर में ब्लड सर्कुलेशन ही बेहतर नहीं होता, बल्कि रेड ब्लड सेल्स भी बढ़ते हैं। इससे शरीर मजबूत बनता है, मेटाबोलिज्म बेहतर काम करता है। डॉ. मंजुला बताती हैं कि अनारदाने को पानी में उबालकर पिया जा सकता है।

### आंतों की सूजन रोके

❍ अनारदाना में पोटैशियम, कॉपर और फाइबर सभी मौजूद होते हैं। ये फाइबर आसानी से घुल जाते हैं और आंतों में मौजूद एक्स्ट्रा कोलेस्ट्रॉल को सोख लेते हैं। इससे शुगर व कोलेस्ट्रॉल नॉर्मल रहता है। डाइजेशन भी सुधरता है और आंतों की सूजन को कम करता है।
❍ पेट में अल्सर होने की स्थिति में भी यह फायदा पहुंचाता है। अधिकतर एक्सपर्ट्स का यह भी मानना है कि लूज मोशन या डायरिया होने पर अनारदाना खाने से बचना चाहिए।

### अनारदाने की चटनी भूख बढ़ाये

❍ अनारदाना का टेस्ट उसकी क्वालिटी पर निर्भर करता है। कुछ अनारदाना मीठा तो कुछ खट्टे स्वाद वाले होते हैं। ❍ बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के द्रव्यगुण विभाग के प्रोफेसर डॉ. भुवाल राम बताते हैं कि मीठे अनारदाने खाने से वात, पित्त और कफ संतुलित रहता है। ❍ अनारदाना खट्टा हो तो वात और कफ संतुलित होता है, जबकि पित्त बढ़ता है। ❍ अनारदाना खट्टा हो या मीठा, इसकी चटनी भी बनाई जाती है। इसे खाने से भूख बढ़ती है। जिन लोगों को भूख कम लगती है या जी मिचलाता है उन्हें अनारदाना की चटनी खानी चाहिए।

### गठिया से पीड़ित लोगों के लिये लाभकारी

❍ अनारदाना में फ्लैवोनोल्स होते हैं जो ऑस्टियोऑर्थराइटिस और कार्टिलेज डैमेज करने वाले सूजन को रोकता है। अनारदाना नियमित रूप से खाने से जोड़ों में दर्द नहीं होता।
❍ जिन्हें खून की कमी है या एनीमिया से पीड़ित हैं उन्हें अनार के फ्रेश दाने खाना चाहिए। इनमें आयरन भरपूर होता है। नियमित रूप से अनार खाने पर घाव जल्दी भरते हैं। ❍ जिन्हें खून की कमी है या एनीमिया से पीड़ित हैं उन्हें अनार के फ्रेश दाने खाना चाहिए। इनमें आयरन भरपूर होता है। नियमित रूप से अनार खाने पर घाव जल्दी भरते हैं।

"'एक अनार सौ बीमार' की कहावत उसके गुणों के कारण ही कही जाती है। अनार का फ्रेश जूस खून की मात्रा बढ़ाने और खूनी पेचिश में फायदेमंद होता है।

### मजबूत दांत के लिए अनार खायें

❍ अनार में कैल्सियम की मात्रा भी अधिक होती है, जिससे हड्डियों और दांत को मजबूती मिलती है। वहीं मैग्नीशियम रहने से मांसपेशियों में ताकत आती है। प्रेग्नेंट महिलाओं को अपनी डाइट में अनार को शामिल करना चाहिए। इसमें फोलेट होने से भ्रूण का विकास ठीक से होता है।
❍ इसलिए जब थकान महसूस करें तो फ्रेश अनार के दाने खाने चाहिए।

#### फ्रेश अनार के दानों को कैसे खायें

❍ फ्रूट सलाद में मिलाकर खायें
❍ दही में मिलाकर खायें
❍ ओट्स चाट में ऊपर से डालें
❍ जूस में एक चम्मच डालें
❍ सैंडविच के साथ खायें

### स्किन की झुर्रियां घटाये, एजिंग की रफ्तार कम करे

❍ अनार को 'सुपरफूड' कहा जाता है। इसे नियमित रूप से खाने से एजिंग की रफ्तार धीमी होती है। स्किन पर झुर्रियां नहीं आतीं, स्किन खिली-खिली रहती है।
❍ दरअसल, अनार में पॉलिफेनॉल्स, फ्लैवोनॉएड्स और एंथोसाइनिंस जैसे एंटी ऑक्सीडेंट्स होते हैं, इससे शरीर को एक सुरक्षा कवच मिलता है।
❍ रिसर्च में बताया गया है कि शरीर का यह डिफेंस सिस्टम कोशिका लेवल पर एजिंग प्रोसेस को कम करता है। यानी नियमित रूप से अनार खाते हैं तो बुढ़ापा जल्दी नहीं आएगा।
❍ आपकी स्किन जवान व्यक्ति की तरह चमकेगी। अनार में एलेजिक एसिड होता है जो स्किन में कोलेजन को प्रोटेक्ट करता है।

# दो पुराने किरायेदारों की दुकानों में तोड़-फोड़

## पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** बीती रात कुछ लोगों ने दो पुराने किरायेदारों की दुकाने जबरन खाली कराने के लिए उनकी छते व दीवारे तोड़ दी। शिकायत पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। नगर के मोहल्ला बालकराम में टेलर की दुकान करने वाले दिलशाद अहमद उफ एचडी खान टेलर तथा कपड़ा व्यापारी सुधीर कुमार ने बताया कि उनके पास सुभाष जैन की 36 साल पुरानी दो अलग-अलग दुकान किराये पर है। पिछले दिनों कुछ लोगों ने उनके पास पहुंचकर दोनों दुकान खरीदने की बात कहते हुए दुकान खाली करने की धमकी दी थी जिस पर दोनों किरायेदारों ने बैठकर बात करने पर सहमति जताई थी मगर इसके बावजूद



दुकान खरीदने का दावा करने वाले उक्त लोगों ने दुकानों को जबरन खाली कराने के लिए दोनों किराएदारों को परेशान करना शुरू कर दिया तथा कई बार उनकी पुलिस से झूठी शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों को शांति बनाए रखना के निर्देश दिए थे। उक्त लोगों द्वारा दोनों किरायेदारों को लगातार परेशान किये जाने के बाद किरायेदारों ने न्यायालय में मुकदमा किया था, इसके बाद दोनों दुकानों का कोर्ट से एहले कमीशन भी हो चुका है, कोर्ट में मामला विचाराधीन है, इसके बावजूद दुकान खरीदने का दावा करने वाले कुछ लोगों ने रात में दोनों दुकानों की छते व दीवारें मौके पर पहुंचकर तोड़ दी। एमडी खान ने बताया कि उनकी दुकान से 10 हजार की नकली चोरी गई है। करीब 50 हजार के सिले व बिना सिले कपड़े का नुकसान हुआ है। सुधीर कुमार ने बताया कि दुकान तोड़ने से उनकी दुकान में रखा माल दबने से उनका भी काफी नुकसान हुआ है। दोनों किरायेदारों ने पुलिस से मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। सूचना मिलने पर पुलिस चौकी रमपुरा से पुलिस कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

मौके पर मामले की जांच करती पुलिस

# साल के पहले दिन, महाकाल भक्त मंडल ने कराया रुद्राभिषेक

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** महाकाल भक्त मंडल द्वारा नगर के मौहल्ला मकबरा स्थित गीता भवन मंदिर में नूतन नव वर्ष के अवसर पर भगवान आशुतोष का रुद्राभिषेक कराया गया और विश्व के लिए मंगल कामनाएं की गई। पंडित भोला शंकर शास्त्री द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना संपन्न करायी गई। आरती उपरांत सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। महाकाल भक्त मंडल परिवार ने सभी को नूतन नव वर्ष की बधाई दी। इस अवसर पर सौरभ कुमार, अभिनव अग्रवाल एडवोकेट, देवेंद्र प्रजापति, प्रदीप कुमार, सागर प्रजापति, आकाश भटनागर, शानू, लक्ष्मण, हर्ष शर्मा, अमित चौहान आदि उपस्थित रहे।



# जलालाबाद में आंखों के नि:शुल्क परीक्षण कैंप का आयोजन

## 225 मरीजो की आंखों की जाँच कर दी मुफ्त दवाईयां




**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर पंचायत जलालाबाद के मौहल्ला पासबान निवासी मास्टर मौ. अकरम के निवास पर उनके पुत्र मौहम्मद आदिल के सौजन्य व सी. एल. गुप्ता आई ईस्टीट्यूट मुरादाबाद द्वारा आंखों की जांच के निशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 225 मरीजो की आंखों की जाँच की गयी और साथ ही मुफ्त दवाईयाँ वितरित की गयीं। जांच में 35-40 प्रतिशत लोग मोतिया बिंद के मरीज पाये गये जिनको आपरेशन के लिए सुझाव दिया गया। साथ ही हस्पिटल को ओर से जरूरतमंद लोगो के लिए फ्री आपरेशन व आने जाने, खाने पीने को सुविधा प्रदान की गई । आज शिविर से 6-7 लोगो को आपरेशन के लिए अस्पताल भेजा गया। शिविर में अस्पताल की ओर से 10-15 लोगो का स्टाफ मौजूद रहा । जिसका संचालन सौरभ राज सिंह व सत्यप्रकाश शर्मा द्वारा किया गया। साथ मे रवि शर्मा आयुष भटनागर, दर्शन यादव, हरीश आदि लोग मौजूद रहे। कैंप आयोजक मौ. आदिल व उनकी पूरी टीम में मोहम्मद शारीक मोहम्मद साकिब , मोहम्मद आजम, मुहम्मद अतीफ , सलमान जैदी, फैजान रज़ा, सद्दाम अंसारी, अज़ीम हाशमी, खुर्रम खान शहज़ाद अंसारी सालिम रज़ा रहे जिन्होंने एक जुट होकर सराहनीय कार्य किया जिसकी लोगों ने जमकर तारीफ की।

# पूछ रहा है हर खास-ओ आम आखिर कब बंद होगा लगना जाम

## अतिक्रमण व ई-रिक्शाएं बन रही हैं इसका कारण

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नजीबाबाद में इस समय हर जगह जाम लगना आम बात होती जा रही है। शहर में मुख्य मार्गो के साथ जिस गली-मौहल्ले से भी गुजरों वहां जाम में फंसना अब कोई आश्चर्य की बात नहीं। नजीबाबाद में जाम के झाम में फंसकर लोग बुरी तरह से परेशान होते जा रहे है। एक तो नजीबाबाद के मुख्य मार्गो के साथ सभी सड़कों पर अतिक्रमण की समस्या जाम का सबसे बड़ा कारण साबित हो रही है। सबसे बड़ी बात यह है कि अगर किसी के पास दुकान नहीं है, उसने फड़ या ठेला लगाकर अतिक्रमण कर रखा है तो यह तो उस गरीब व्यक्ति के लिए अपनी आजीविका चलाने की मजबूरी हो सकती है। मगर जिन लोगों के पास छोटी नहीं बल्कि काफी बड़ी-बड़ी दुकानें है, उनके द्वारा भी अपनी दुकान का आधा सामान सड़क पर रखकर अतिक्रमण करना बात समझ से बाहर है। जबकि अतिक्रमण करने वाले दुकानदार को भी काफी नुकसान व परेशानी है, क्योकि ना तो ऐसी दुकान पर ज्यादातर दुपहिया वाहन से आने वाले ग्राहक रूकते है ना ही उन्हें अपने वाहन दुकानों के बाहर खड़े करने की जगह मिलती है। मगर फिर भी ऐसे दुकानदार अपना अतिक्रमण हटाने को तैयार नहीं है। अगर अतिक्रमण न हो तो जाम की समस्या काफी कम होगी। ऊपर से नगर में चारों ओर बड़ी संख्या में ई-रिक्शाओं का संचालन होने तथा इनका कोई रूट निर्धारित न होने से शहर में जाम की समस्या गंभीर बनी है। ई-रिक्शा चालक अब मुख्य मार्गो पर ही नहीं बल्कि हर गली मौहल्ले में बड़ी संख्या में ई-रिक्शाएं लेकर गुजर रहे है। छोटी-छोटी गलियों में काफी ई-रिक्शाएं घुसने से वहां जाम लगना अब आम बात होती जा रही है। शहर में ई-रिक्शाओं के संचालन से पहले इन गलियों व मौहल्लों में कभी इतना जाम नहीं लगता था जितना अब लग रहा है। जिस कारण किसी व्यक्ति को कोई इमरजेंसी हो या किसी जरूरी कार्य से जाना हो उसका दुपहिया वाहन से गुजरना जाम की वजह से काफी मुश्किल हो गया है। शहरवासियों ने पुलिस-प्रशासन से पूरे शहर से समान रूप से सभी का अतिक्रमण हटाने तथा ई-रिक्शाओं का रूट निर्धारित कर जाम से निजात दिलाने की मांग की है।



शहर के कृष्णा सिनेमा चौराहे पर जाम में फंसे वाहन चालक।

# राजा ग़ज़न्फ़र अली मेमोरियल साइंस लैब का उद्घाटन



**किरतपुर ( चिंगारी )। सर सैयद गर्ल्स इंटर कॉलेज में राजा ग़ज़न्फ़र अली खान मेमोरियल साइंस लैब का भव्य उद्घाटन मुख्य अतिथि मरियम साइम राजा, पूर्व चेयरमैन अब्दुल जब्बार मकरानी एवं मौहम्मद साइम राजा द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया।**

मालूम हो कि यह साइंस लैब मरहूम राजा ग़ज़न्फ़र अली खान की 11 वीं बरसी पर उन्हीं की याद में स्थापित की गई है। इस अवसर पर राजा ग़ज़न्फ़र अली खान के दामाद व मुस्लिम फंड कमेटी के अध्यक्ष मौहम्मद साइम राजा ने कहा कि राजा ग़ज़न्नफ़र अली खान हमेशा लड़कियों की तालीम को लेकर गंभीर और फिक्रमंद रहते थे। उनका सपना था कि किरतपुर की कोई भी लड़की शिक्षा से महरूम न रहे और आधुनिक विज्ञान की पढ़ाई के लिए उन्हें बेहतर संसाधन उपलब्ध हों। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए मुस्लिम फंड कमेटी ने राजा ग़ज़न्फ़र अली खान की 11 वीं बरसी पर उन्हीं के नाम पर यह साइंस लैब छात्राओं के लिए समर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मरियम साइम राजा ने कहा कि मेरे वालिद राजा ग़ज़न्फ़र अली खान के सपने नगर की हर बच्ची हो तालीम याफ़्ता को आगे बढ़ानें में मेरे साथ मेरे पति मौहम्मद साइम राजा का बहुत बड़ा सहयोग है। इनके बिना मेरे लिए कुछ भी करना संभव नहीं था। उन्होंने कहा कि यह साइंस लैब कॉलेज की शैक्षिक गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी और छात्राओं को विज्ञान विषय को व्यवहारिक रूप से समझने में मदद मिलेगी। इस मौके पर इरशाद अहमद अंसारी, साजिद अली खान एवं पूर्व चेयरमैन अब्दुल जब्बार मकरानी, यामीन अहमद अंसारी,मुंशी हसीनुद्दीन, शहाबुद्दीन, शोएब अहमद,वरिष्ठ पत्रकार याकूब मलिक ने भी मुस्लिम फंड कमेटी और सर सय्यद गर्ल्स इंटर कॉलेज की मैनेजमेंट कमेटी की सराहना की और मुबारकबाद पेश करते हुए कहा कि कॉलेज शिक्षा के क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं, योग्य शिक्षकों और प्रबंधन की सकारात्मक सोच के चलते यह संस्थान क्षेत्र की छात्राओं के लिए शिक्षा का मजबूत केंद्र बनता जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अब्दुल जब्बार मकरानी ने की व संचालन एडवोकेट हसन अली चौधरी ने किया। अंत में मास्टर मौहम्मद शाहिद ने आने वाले सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा किया।

# कढ़ी-चावल का प्रसाद वितरित किया



किरतपुर ( चिंगारी )। अयोध्या मे रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के द्वितीय वार्षिकोत्सव के उपलक्ष में मोहल्ले वासियों ने कढ़ी-चावल का प्रसाद वितरित किया। मोहल्ला महाजनान स्थित चौधरी मार्केट में दुकानदारों द्वारा भगवान राम की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित पत्रकार अशोक गुप्ता और पवन सिंह ने किया। उसके बाद भगवान राम को भोग लगाकर कढ़ी-चावल का प्रसाद वितरित किया गया। प्रसाद ग्रहण करने वालों की काफी भीड़ नजर आई। प्रसाद वितरित करने वालों में पत्रकार अशोक गुप्ता, पवन राजपूत बिजली वाले, हर्ष राजपूत, निखिल गोयल,अंकित गोयल, अशोक कुमार, नरेंद्र चौहान, सुरेंद्र अग्रवाल आदि रहे।

# सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई दी



**चांदपुर ( चिंगारी )।** नगर के मुहल्ला पतियापाड़ा स्थित महिला थाना परिसर में होमगार्ड कम्पनी नम्बर तीन में आयोजित विदाई समारोह में दो होमगार्डो के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। धर्मेन्द्र सिंह की अध्यक्षता एवं प्रदीप कुमार के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में महिला थाना, थाना प्रभारी सरिता देवी ने सेवानिवृत्त होने वाले दोनों होमगार्डो हेतराम सिंह व भागचंद सिंह के कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपनी ड्यूटी को अंजाम दिया। सेवानिवृत्त होमगार्ड हेतराम सिंह व भागचंद सिंह ने कहा कि यदि ड्यूटी के दौरान उनसे कोई गलती हो गई हो तो वे उसके लिए क्षमा प्रार्थी हैं। उन्होंने सहयोग देने के लिए सभी होमगार्ड साथियों का आभार जताया। कार्यक्रम में मुस्तकिया अहमद, प्रदीप कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, गौरव कश्यप, पीयूष शर्मा, ओमप्रकाश सिंह, शोभा राम आदि होमगार्ड मौजूद रहे।

# शुगर मिल ने कंबल वितरित किये



**नगीना ( चिंगारी )।** तहसील सभागार में बुधवार की दोपहर बुन्दकी चीनी मिल की तरफ से कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसडीएम विजय शंकर ने चीनी मिल के उप प्रबंधक प्रशासन मनोज चोपड़ा व अतिरिक्त प्रबंधक प्रशासन पलविंदर बाजवा की उपस्थिति में क्षेत्र के बेसहारा लोगों को कंबल वितरित किए। बुंदकी चीनी मिल ने जरूरतमंद लोगों को कंबल देने के लिए तहसील प्रशासन को 320 कंबल सौंप दिए थे।

# जसपाल सिंह दीवान चुने गये श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान

**खासपुरा ( चिंगारी )।** श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा रोशनपुर राहुनंगली में गुरुद्वारा कमेटी का गठन हुआ। जिसमें संरक्षक इकबाल सिंह राठौड़, प्रधान जसपाल सिंह दीवान, उपप्रधान वीरेंद्र सिंह बिन्नी, सेकेट्री हरभजन सिंह आशु, उप सेक्रेटरी अजीत सिंह बिट्टू एवं सदस्य परविंदर सिंह दीवान, परविंदर सिंह बाबू चुने गये। इस दौरान प्रधान जसपाल सिंह ने कहा कि हम लोग पूरी कमेटी संगत को साथ लेकर चलेंगे, संगत ने हमें तीन वर्ष के लिये सेवा करने का दायत्व सौंपा है और पूरी टीम ने शपथ ली है कि हम लोग गुरुग्रंथ साहिब की बानी और सिख मर्यादा के अनुसार कार्य करेंगे। एक ग्रंथ एक पंथ की राह पर चलेंगे। इस अवसर पर संगत में मंजीत सिंह पोथीवाल, अजीत सिंह राठौर, गुरुदेव सिंह गौड़, परवेंद्र सिंह,नरेन्द्रर सिंह सीटू, सन्नी सिंह, बबलू सिंह, बाबू सिंह, छोटू सिंह, श्याम सिंह,इक़बाल सिंह राठौर, जसपाल सिंह दीवान, वीरेंद्र सिंह, हरभजन सिंह, अमरीक सिंह कापसे, रणवीर सिंह लोहिया दशमेश कौर, सरण कौर, मंजीत कौर आदि रहे।



गुरुद्वारे में उपस्थित संगत।



प्रधान जसपाल सिंह दीवान

# गन्ना क्रय केन्द्र का कांटा सही मिला, निजी धर्मकांटा सील किया

**चांदपुर ( चिंगारी )।** घटतौली की शिकायत पर मौके पर पहुंची टीम को बिराल स्थित गन्ना क्रय केंद्र का कांटा सही पाया गया, जबकि नजदीक स्थित निजी धर्मकांटे में कमी पाये जाने पर कांटे को सील कर दिया गया। ज्येष्ठ गन्ना निरीक्षक चांदपुर वीएम पाठक ने बताया कि बुधवार को टोल फ्री नम्बर के माध्यम से बिराल स्थित क्रय केन्द्र पर तोल में अंतर आने की शिकायत को गंभीरता लेते हुए गन्ना विभाग की टीम ने मौके पर जाकर जांच की। जांच में तौल सही पाई गई। सहायक चीनी आयुक्त धामपुर, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक चांदपुर व बांट माप निरीक्षक की संयुक्त टीम ने शिकायत कर्ता की गाड़ी को पुन: केन्द्र के कांटे पर तुलवाया, जांच में कांटा सही पाया गया, जिससे शिकायत कर्ता व उपस्थित किसान संतुष्ट नजर आए। टीम द्वारा पास में स्थित निजी धर्मकांटे की जांच की गई तो उसमें कमी पाई गई, जिसके कारण धर्मकांटे को सील कर दिया गया। गन्ना विभाग के अधिकारियों ने कहा कि क्रय केंद्रों पर पारदर्शिता बनाए रखने के लिए विभाग प्रतिबद्ध है। किसान किसी भी निजी धर्मकांटे की भ्रामक तोल पर विश्वास करने से पहले उस की प्रमाणिकता की जांच अवश्य कर लें तथा किसी भी गड़बड़ी की स्थिति में तत्काल विभाग के अधिकारियों को सूचित करें।



# अटल जी के लिये राष्ट्र प्रथम रहा - कांता कर्दम

**नहटौर ( चिंगारी )। भारतीय जनता पार्टी का विधानसभा स्तरीय अटल स्मृति सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद कांता कर्दम रहीं।**

## अटल स्मृति सम्मेलन




बुधवार को झालू रोड स्थित युवराज बैंकट हॉल में अटल बिहारी वाजपेई के जन्मशताब्दी महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कांता कर्दम ने भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के कार्यकाल पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि अटल जी के लिए राष्ट्र प्रथम रहा। देशहित में उन्होंने अनेक ऐतिहासिक कदम उठाये। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि दीप सौरभ, धीर सिंह, सुभाष चौहान, दिनेश सैनी, राकेश चौधरी ब्लॉक प्रमुख, शोभित कुमार त्यागी, मंडल अध्यक्ष नहटौर वैभव गोयल, आकू राकेश सैनी, हल्दौर पियूष चौहान, भटियाना डॉ. दानवीर सिंह आदि ने संबोधित किया। अतुल मारवाड़ी के संचालन में आयोजित सम्मेलन में विनीत शर्मा, उर्मिला पाल, महावी सैनी, सुधा सिंह, अंकज, कपिल शर्मा, कुलबीर देवपुत्र, राहुल चौधरी, संजीव त्यागी, दर्पण रावल, राजेश सैनी, सुभाष शर्मा, पवन दक्ष, नितिन पंवार आदि उपस्थित रहे।

# पुल पर पैर फिसलने से एक महिला नदी में गिरी, मौत

**स्योहारा ( चिंगारी )। बृहस्पतिवार को बुढ्ढी रामगंगा के पुल के पास पैर फिसलने से एक वृद्ध महिला की मौत हो गयी। परिजन महिला के शव को अपने साथ ले गये।**

**क्षेत्र के गांव निचलपुर निवासी किशनो देवी पत्नी मुन्ने सिंह मानसिक रूप से बीमार थी, जो अक्सर घर से निकल जाती थी। उनका इलाज चल रहा था। बृहस्पतिवार को किशनो देवी घर से निकल गयी और बुढ्ढी रामगंगा पर पहुंच गयी, पैर फिसलने के कारण किशनो देवी नदी में गिर गयी, जिसकी सर में चोट लगने के कारण मौत हो गयी। पुलिस को शव मिलने की सूचना मिली तो थाना प्रभारी ने शव की शिनाख्त कराई और परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और मृतक किशनो के शव को अपने साथ ले गये।**

चिंगारी
के लिये नहटौर में समाचार और विज्ञापन के लिये संपर्क करें।
मोहित शर्मा
संवाददाता, मोबाइल नम्बर-
9012967455

# सेवानिवृत्त होने पर सम्मानित किया



**नूरपुर ( चिंगारी )।** बृहस्पतिवार को थाना परिसर में सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम शेरगढ़ निवासी होमगार्ड रामकुमार सिंह के सेवानिवृत्त होने पर थानाध्यक्ष विकास कुमार तेवतिया ने माल्यार्पण व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कंपनी के सभी होमगार्ड्स जवानों ने भी उनके लिए मंगल कामना की। इस अवसर पर कंपनी के पूर्व प्लाटून कमांडर राम सुधीर सिंह यादव ने प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य आरक्षी सचिन कुमार, जगपाल सिंह, अनिल कुमार, दिनेश सिंह, बब्बर भान, कोमल सिंह यादव, अरविन्द कुमार सहित कंपनी के समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरे भाई शुऐब अजीज व उसकी पत्नी शहजा नसीम जिनमें आपस में मुकदमे बाजी चल रही है, इससे तंग आकर मैं अपने भाई व उसकी पत्नी व इनके बच्चों से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहा हूं। मेरी शादी होने वाली है। मुझे अपने भाई व भाभी से खतरा है। भविष्य में किसी भी प्रकार के कृत्य के यह दोनों उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे। - **सुहेल अजीज पुत्र अजीजुर्रहमान, निवासी मौहल्ला सराय मीर, कस्बा व थाना नगीना, जिला बिजनौर।**

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# अंकिता भंडारी हमारी बेटी, उसे न्याय मिले

## अंकिता भंडारी से जुड़े सवाल टालते रहे पूर्व सीएम



**नहटौर ( चिंगारी )।** अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर उत्तराखंड की राजनीतिक सरगर्मियों को लेकर पूछे गए सवाल से पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत बचते नजर आये। उन्होंने कहा कि मामला अदालत में विचाराधीन है और अंकिता हमारी बेटी है, उसे न्याय मिलना चाहिए। बुधवार को नहटौर के ऑक्सफोर्ड पब्लिक में आयोजित कार्यक्रम के उपरांत पत्रकारों द्वारा जब उनसे अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर सवाल पूछा गया तो पहले तो पूर्व सीएम कुछ भी कहने से बचते रहें, बाद में उन्होंने कहा कि अंकिता भंडारी हमारी बेटी है उसे न्याय मिलना चाहिए। वायरल ऑडियो को लेकर उन्होंने कुछ नहीं कहा। बोले- यह सवाल ऑडियो वायरल करने वालों से होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मामला न्यायालय में चल रहा है। जिस पर कोई टिप्पणी करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि अंकिता को न्याय मिलना चाहिए। बता दें कि पूर्व विधायक सुरेश राठौर की पत्नी उर्मिला राठौर द्वारा वायरल किए गए ऑडियो से उत्तराखंड की राजनीति गर्मा गई है। विपक्षी पार्टी अंकिता हत्याकांड मामले में सीबीआई की जांच की मांग कर रही है।

# अथाई जमरूद्दीन ग्राम में ग्राम पंचायत चुनाव की सरगर्मियां तेज



**खासपुरा ( चिंगारी )।** विकास खंड नूरपुर के अथाई जमरूद्दीन गांव में आगामी ग्राम प्रधान चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई हैं। इसी क्रम में सामाजिक कार्यकर्ता जहिर अहमद ने ग्राम प्रधान पद के लिए अपनी उम्मीदवारी की औपचारिक घोषणा की हैं। उन्होंने ग्रामीणों का आशीर्वाद और समर्थन मिलने पर गांव के सर्वांगीण विकास तथा जनसेवा को अपनी प्राथमिकता बनाने का संकल्प व्यक्त किया है। जहिर अहमद ने बताया कि वे लंबे समय से गांव में रहकर सामाजिक कार्यों से जुड़े हुए हैं। उन्होंने हमेशा गरीब, असहाय और वंचित वर्ग के हितों के लिए कार्य किया है। उनके प्रयासों से कई पात्र लोगों को दिव्यांग प्रमाण-पत्र, वृद्धा पेंशन और विधवा पेंशन जैसी सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सक

वंचित न रहे।

# सिद्ध बाबा के आश्रम पर बाबा की पुण्यतिथि पर भण्डारे का आयोजन

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** ग्राम बरकातपुर के जंगल में स्थित सिद्ध बाबा के आश्रम पर बाबा की पुण्यतिथि के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

उत्तम शुगर मिल्स बरकातपुर के सम्पर्क मार्ग के समीप गांव के पूर्व प्रधान स्व. हरपाल सिंह के खेतों पर सिद्ध बाबा का आश्रम बना हुआ है। वर्षो पूर्व सिद्ध बाबा सेवादास जी यहां रहा करते थे। क्षेत्र के ही नहीं, दूरदराज के व्यक्तियों में भी उनकी बड़ी मान्यता थी। उनके देहावसान के बाद यहीं पर उनकी समाधि का निर्माण किया गया था। प्रत्येक बृहस्पतिवार को आश्रम पर काफी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद चढ़ाने के लिये आते हैं। उधर सिद्ध बाबा सेवादास के देहावसान के बाद प्रतिवर्ष एक जनवरी को उनकी पुण्यतिथि पर स्व. हरपाल सिंह के पुत्रों उमेश राजपूत व विनीत राजपूत द्वारा आश्रम पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। आज सुबह सिद्ध बाबा के आश्रम पर



सिद्ध बाबा के आश्रम पर यज्ञ-हवन करते श्रद्धालु।

सर्वप्रथम यज्ञ-हवन का आयोजन किया गया। उसके उपरान्त कीर्तन का आयोजन किया गया तथा बाद में भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में आसपास तथा दूरदराज के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भोजन ग्रहण किया। उमेश राजपूत, कुसुम देवी, अतुल राजपूत, रूपा देवी, पवित्रा देवी, महिमा देवी, रोशन सिंह, रविन्द्रपाल सिंह, ग्राम प्रधानपति सुधीर राजपूत, वीरेन्द्र सिंह, संदीप कुमार सहित काफी व्यक्ति मौजूद रहे।

# गणतंत्र दिवस परेड में कर्तव्य पथ पर दिखाई देगी सेना के 'मूक योद्धाओं' की झलक

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** गणतंत्र दिवस परेड में इस बार कर्तव्य पथ पर सेना के मार्चिंग दस्तों और हथियारों के साथ-साथ देश की रक्षा में प्राणों की बाजी तक लगाने वाले उसके मूक योद्धाओं यानी पशु दस्ते की झलक भी देखने को मिलेगी। कर्तव्य पथ पर यह एक विशेष और भावनात्मक दृश्य होगा जिसमें सेना के पशु दस्ते पहली बार इतने बड़े और संगठित रूप में परेड में शामिल होंगे। ये पशु न केवल सेना की ताकत का प्रतीक होंगे बल्कि यह भी बताएंगे कि देश की रक्षा में उनके योगदान को कितनी अहम जगह दी जाती है। सेना के इस विशेष दस्ते में दो बैक्ट्रियन ऊंट (मंगोलियाई ऊंट), चार ज़ांस्कर पोनी, चार शिकारी पक्षी (रैप्टर्स), भारतीय नस्ल के सेना के दस श्वान और सेना में पहले से काम कर रहे 6 पारंपरिक सैन्य श्वान शामिल



होंगे। पशु दस्ते की अगुवाई बैक्ट्रियन ऊंट करेंगे, जिन्हें हाल ही में लद्दाख के ठंडे रेगिस्तानी इलाकों में तैनात किया गया है। ये ऊंट बहुत ठंडे मौसम और 15,000 फुट से ज्यादा ऊंचाई पर आसानी से आ-जा सकते हैं। ये 250 किलो तक सामान ढो सकते हैं और कम चारे-पानी में लंबी दूरी तय करते हैं। इससे सेना को दूरदराज और कठिन इलाकों में रसद पहुंचाने में बड़ी मदद मिलती है।

इसके बाद ज़ांस्कर पोनी कदम से कदम मिलाकर चलेंगी जो लद्दाख की एक दुर्लभ और स्वदेशी नस्ल है। आकार में छोटी होने के बावजूद इनमें जबरदस्त ताकत और सहनशक्ति होती है। ये पोनी शून्य से 40 डिग्री कम तापमान और अत्यधिक ऊंचाई वाले इलाकों में 40 से 60 किलो वजन लेकर चल सकती हैं। 2020 से ये सियाचिन जैसे कठिन क्षेत्रों में सैनिकों के साथ सेवा दे रही हैं और कई बार एक दिन में 70 किलोमीटर तक गश्त करती हैं। परेड में शामिल चार शिकारी पक्षी (रैप्टर्स) लंबी टांगों वाले बाज सेना की नई और स्मार्ट सोच को दिखाते हैं। इनका इस्तेमाल निगरानी और हवाई सुरक्षा से जुड़े कामों में किया जाता है जिससे सेना के अभियान ज्यादा सुरक्षित रहते हैं।

परेड का सबसे भावुक हिस्सा भारतीय सेना के श्वान होंगे जिन्हें प्यार से 卐मूक योद्धा卐 कहा जाता है। इन श्वान को मेरठ स्थित रिमाउंट एंड वेटरनरी कोर में प्रशिक्षित किया जाता है। ये आतंकवाद विरोधी अभियानों, विस्फोटक और बारूदी सुरंगों की पहचान, खोज-बचाव कार्यों और आपदा राहत में सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करते हैं। कई मौकों पर इन श्वान ने अपनी जान की परवाह किए बिना सैनिकों की जान बचाई है।

# एक के बाद एक दो स्वदेशी प्रलय मिसाइलों का एक ही लांचर से सफल प्रक्षेपण

नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बुधवार को ऐतिहासिक सफलता हासिल करते हुए एक ही लांचर से एक के बाद एक दो स्वदेशी प्रलय मिसाइलों का एक साथ सफल प्रक्षेपण किया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह से सैल्वो प्रक्षेपण सुबह ओड़िशा तट के पास किया गया। सैल्वो प्रक्षेपण में एक से ज्यादा मिसाइलें एक साथ दागी जाती हैं। दोनों मिसाइलों ने निर्धारित मार्ग का अनुसरण किया और सभी उड़ान उद्देश्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया, जिसकी पुष्टि चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज के ट्रैकिंग सेंसरों से हुई। टर्मिनल घटनाओं की पुष्टि प्रभाव बिंदुओं के निकट तैनात जहाज पर स्थापित टेलीमेट्री प्रणालियों द्वारा की गई। प्रलय देश में ही विकसित ठोस ईंधन आधारित अर्ध-बैलिस्टिक मिसाइल है, जिसमें उच्च सटीकता सुनिश्चित करने के



लिए अत्याधुनिक मार्गदर्शन और नेविगेशन प्रणाली का उपयोग किया गया है। यह मिसाइल विभिन्न लक्ष्यों के विरुद्ध अनेक प्रकार के मुखास्त्र ले जाने में सक्षम है। यह मिसाइल हैदराबाद स्थित शोध केन्द्र इमारात द्वारा डीआरडीओ की अन्य प्रयोगशालाओं के सहयोग से विकसित की गई है जिनमें रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला, उन्नत प्रणाली प्रयोगशाला, आयुध अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान, उच्च ऊर्जा सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला, रक्षा धातुकर्म अनुसंधान प्रयोगशाला, टर्मिनल बैलिस्टिक्स अनुसंधान प्रयोगशाला, अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान (इंजीनियर्स) तथा एकीकृत परीक्षण रेंज शामिल हैं। इसके अलावा विकास-सह-उत्पादन भागीदारों भारत डायनेमिक्स लिमिटेड और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड तथा अन्य भारतीय उद्योगों ने भी योगदान दिया है। परीक्षणों के लिए प्रणालियों का एकीकरण दोनों विकास-सह-उत्पादन भागीदारों द्वारा किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक के बाद एक दो मिसाइलों के सफल प्रक्षेपण पर डीआरडीओ, भारतीय वायु सेना, भारतीय सेना, रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों और उद्योग को बधाई दी।

# जयशंकर ने पाकिस्तानी संसद के स्पीकर से हाथ मिलाया



नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। बुधवार को ढाका में पाकिस्तान की नेशनल असेंबली (NA) के स्पीकर सरदार अयाज सादिक और विदेश मंत्री एस जयशंकर की मुलाकात हुई। दोनों नेताओं के बीच एक छोटी अनौपचारिक मुलाकात की जानकारी बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने सोशल मीडिया के जरिए दी है। हालांकि, इस मुलाकात के दौरान वहां दक्षिण एशिया के कई देशों के प्रतिनिधि मौजूद थे, और जयशंकर सभी मिल रहे थे। विदेश मंत्री जयशंकर पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के अंतिम संस्कार के लिए ढाका पहुंचे थे। भारत और पाकिस्तान के नेताओं की यह मुलाकात ऐसे वक्त में हुई है जब इसी साल मई में हुए चार दिन के युद्ध के बाद दोनों देशों के बीच तनाव रहा। और इसकी झलक राजनीति ही नहीं, खेल में भी दिखाई दी। जबकि भारतीय क्रिकेट खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया था। पाकिस्तानी नेता से विदेश मंत्री जयशंकर की मुलाकात की तस्वीरें ट्वीट करते हुए यूनुस ने एक्स पर लिखा, पाकिस्तान की नेशनल असेंबली के स्पीकर सरदार अयाज सादिक ने बुधवार को ढाका में पूर्व बांग्लादेशी प्रधानमंत्री खालिदा जिया के अंतिम संस्कार कार्यक्रम से पहले भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर से अभिवादन किया।






# नववर्ष मनाने आये थे कोटद्वार ड्रिंक एण्ड ड्राइव में हुये गिरफ्तार




**कोटद्वार ( चिंगारी )।** 31 दिसम्बर और नववर्ष का जश्न मनाने मुजफ्फरनगर, हरियाणा, दिल्ली, बुलंदशहर और सूरत आदि से आकर मौजमस्ती करना रईसजादों को उस समय महंगा पड़ गया, जब लक्ष्मणझूला पुलिस ने ड्रिंक एण्ड ड्राइव में सभी को गिरफ्तार कर उनके वाहन सीज कर दिये।

अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह ने बताया कि नववर्ष को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये जाने के उद्देश्य से जनपद पुलिस द्वारा निरंतर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। अभियान के दौरान विशेष रूप से सड़क पर हुड़दंग, तेज़ गति से वाहन चलाने, जिंग जैंग डाइविंग तथा शराब के नशे में वाहन चलाकर आमजन की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ प्रभावी एवं कठोर कार्वाई की जा रही थी।

इसी क्रम में लक्ष्मणझूला पुलिस ने आशु जैन साउथ मुजफ्फरनगर,साहिल पुत्र शिशुपाल निवासी बैंक कालोनी कैथल (हरियाणा), ऋषभ पुत्र अशोक सैनी, नई दिल्ली, प्रवीन कुमार पुत्र अमरीष, निवासी जाहगीराबाद (बुलंदशहर), सुरेंद्र पुत्र रधीर सिंह, रोहतक (हरियाणा), दिव्यांशु पुत्र रघुनाथ निवासी (सूरत सिटी) को गिरफ्तार करने के साथ ही सभी के वाहन भी सीज कर दिए हैं।

# नव वर्ष पर चला वाहन चैकिंग अभियान

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** नव वर्ष पर पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण परिवहन विभाग द्वारा ओवर-स्पीडिंग एवं नशे का सेवन कर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया, जिसमें अभियान के अंतर्गत देहरादून, हरिद्वार, टिहरी, उत्तरकाशी में 830 वाहन चालकों की जांच की गई। जांच के दौरान ओवर-स्पीडिंग करते पाए जाने पर 227 वाहनों के चालान किये गये। वहीं, नशे का सेवन कर वाहन चलाने के मामलों में 25 चालकों को गिरफ्तार कर पुलिस की सुपुर्दगी में दिया गया, वाहनों को चालान कर सीज किया गया। इसके अतिरिक्त, 2 बसों की यांत्रिक, भौतिक स्थिति असंतोषजनक पाए जाने पर यात्रियों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए उनकी फिटनेस निरस्त की गई। आरटीओ प्रवर्तन डॉ.अनीता चमोला ने बताया कि नशे का सेवन कर वाहन चलाने वाले चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही भी नियमानुसार की जाएगी। अभियान के तहत सर्वाधिक कार्रवाई हरिद्वार में की गई, जहाँ नशे में वाहन चलाने पर 22 चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई तथा ओवर-स्पीडिंग के 118 चालान किए गए। परिवहन विभाग द्वारा आगे भी इस प्रकार के सघन अभियान जारी रखे जाएंगे, जिससे सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# गुमखाल में जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित
## उत्कृष्ट कार्य करने वाली कार्यकत्री सम्मानित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत दुगड्डा ब्लाक के गुमखाल में सीएमओ डॉ. शिव मोहन शुक्ला द्वारा जिला स्तरीय आशा सम्मेलन में उत्कृष्ट कार्य करने वाली कार्यकत्री एवं आशा फैसिलिटैटर तथा कोआओडिनेटर को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार नैनीडडा ब्लाक से दर्शनी देवी, द्वितीय पुरस्कार दुगड्डा ब्लाक से दामिनी देवी तथा तृतीय पुरस्कार यमकेश्वर से रेणु बड़ोला को प्रदान किया गया। आशा फैसिलिटेटर में प्रथम पुरस्कार पाबौ ब्लाक से पूनम देवी, द्वितीय पुरस्कार दुगड्डा ब्लाक से रेखा कंडवाल, तृतीय पुरस्कार रिखणीखाल से विमला रावत को दिया गया। इसके अलावा थलीसैंण से कांता प्रसाद को उत्कृष्ट कार्य करने हेतु सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. शिवमोहन शुक्ला ने कहा कि मुझे भरोसा है कि सभी कर्मचारीगण अपने कार्यों को पूरी जिम्मेदारी से करने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आस्था सेवा संस्थान के सचिव राकेश चन्द्रा, जिला समन्वयक आशा कार्यक्रम दिनेश शाह, दीपक खांसूली, गोवर्धन गोस्वामी, रचना भट्ट, दिगंबर नेगी आदि मौजूद थे।

# एंजेल चकमा की हत्या पर पूर्व सैनिकों ने रोष जताया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने देहरादून में त्रिपुरा के छात्र एंजेल चकमा की हत्या पर रोष व्यक्त किया है। कहा कि इससे देवभूमि की प्रतिष्ठा धूमिल हो रही है इस संबंध में बुधवार को उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में परिषद के सदस्यों ने कहा है कि शिक्षा के हब के तौर पर जाने जाने वाले देहरादून शहर में इस तरह की घटना देवभूमि की प्रतिष्ठा धूमिल कर रही है। जरा सी बात पर हमलावरों ने उसके साथ मारपीट की और चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। अस्पताल में वह जिंदगी और मौत से जूझता रहा, लेकिन आखिरकार उसने दम तोड़ दिया। कहा कि संगठन, देव भूमि में इस प्रकार के कृत्य की निन्दा करता है और घटना की सी बी आई जांच की मांग करता है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में जी के बड़थ्वाल, हरीश खुगशाल, बलवान सिंह, संजय असवाल और ज्ञानपाल सिंह आदि शामिल रहे।

# बलूनी स्कूल में खेल प्रतियोगिताएं सम्पन्न
## येलो हाउस बना ओवरआल चैम्पियन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** मोटाढ़ाक तल्ला स्थित बलूनी पब्लिक स्कूल में मंगलवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में येलो हाउस चैंपियन रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ बलूनी ग्रुप आफ एजुकेशन कोटद्वार विंग की निदेशिका अभिलाषा भारद्वाज ने किया।

तत्पश्चात प्रतियोगिता के अंतर्गत ट्रैक इवेंट्स में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, 3000 मीटर दौड़ के साथ 4×100 मीटर एवं 4×200 मीटर रिले रेस आयोजित की गई। वहीं फील्ड इवेंट्स में डिस्कस थ्रो, शॉट पुट, जैवलिन थ्रो, लॉन्ग जंप एवं हाई जंप आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रतियोगिता के समापन पर येलो हाउस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 21 स्वर्ण, 11 रजत एवं 10 कांस्य पदक प्राप्त कर ओवरऑल चैंपियनशिप अपने नाम की। रेड हाउस ने 14 स्वर्ण, 12 रजत एवं 8 कांस्य पदकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि ब्लू हाउस ने 8 स्वर्ण, 9 रजत एवं 9 कांस्य पदक जीतकर तृतीय स्थान हासिल किया। बलूनी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के प्रबंध निदेशक डा. विपिन बलूनी ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खिलाड़ियों में पद और स्थान से ऊपर खेल भावना का होना अत्यंत आवश्यक है। इस तरह के आयोजन छात्रों की खेल प्रतिभा को निखारने का काम करती हैं। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# खेल महाकुंभ में बालक-बालिकाओं ने अपनी प्रतिभा का किया प्रदर्शन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** विकासखंड पोखड़ा के न्याय पंचायत मंझगांव के खेल महाकुम्भ का आयोजन अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज चौबट्टाखाल में हुआ। मंगलवार को आयोजित खेल महाकुम्भ का उदघाटन मुख्य अतिथि क्षेत्र पंचायत सदस्य दिया व प्रधानाचार्य शांति कबटियाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

तत्पश्चात आयोजित प्रतियोगिताओं के अंतर्गत अंडर 14, बालक वर्ग 60 मीटर दौड़ में दीपक, आदर्श व शिवांक, 600 मीटर दौड़ में रितिक गुसांई व अक्षत गुसांई ने क्रमश: प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग की 60 मीटर दौड़ में सोहानी, रानी, प्रीति व 600 मीटर दौड़ में अंशिका, रोनिका व कविता क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। अंडर 19 बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ में अर्णव सुंदरियाल, सुजल, प्रिंस कुमार व 200 मीटर दौड़ में नितिन सुजल व राहुल ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग की 400 मीटर दौड़ में कशिश, स्नेहा, ममता व 800 मीटर दौड़ में तनुजा, तानिया गुसाईं व किरन क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। अंडर 19 लंबी कूद बालक वर्ग में मानव, नितिन व आशुतोष सुंदरियाल व बालिका वर्ग में अंशिका, रोनिका व कविता प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहें। अंत में विजेताओं को प्रशस्ति पत्र व मेडल प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर युवा कल्याण विभाग के प्रशिक्षक अनिरुद्ध रावत, सुनीता नवानी, राजेंद्र रावत,मुकेश राठी, आशीष, विजेंद्र चौहान और सतीश धस्माना आदि मौजूद रहे।

# एसजीआरआर स्कूल लाल पानी ने वार्षिकोत्सव मनाया
## छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रमों से रंग जमाया



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के सनेह क्षेत्र के अंतर्गत श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल लालपानी में बुधवार को विद्यालय का वार्षिकोत्सव रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया । छात्र - छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ समाज को जागरूक करने हेतु नशा मुक्त अभियान पर नुक्कड़ नाटक तथा बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ पर सुन्दर प्रस्तुति दी। वार्षिकोत्सव का आरंभ करते हुए मुख्य अतिथि श्री सिद्धबली मंदिर समिति के अध्यक्ष डॉ जगदम्बा प्रसाद ध्यानी ने कहा कि बच्चों को किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए लगनशील और परिश्रमी होना चाहिए ताकि वे उच्च मुकाम तक पंहुच सकें। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, गढ़वाली, कुमाउंनी, जौनसारी, राजस्थानी गीतों पर नृत्यों की शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी। विद्यालय प्रधानाचार्य विभाकर डबराल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए उनका माल्यार्पण, अंग वस्त्र अलंकरण तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। अंत में शिक्षिका मीना थलेड़ी ने वर्ष भर की विद्यालय की गतिविधियों की जानकारी दी।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# दहेज प्रथा एक अभिशाप है



मौलाना शौकत अली मज़ाहिरी

आओ, हम सब मिलकर

## दहेज मुक्त अभियान

से जुड़ें और दहेज़ प्रथा सहित शादियों वगैरा में बढ़ रही तमाम फ़िज़ूल रसूमात/ख़ुराफ़ात पर अंकुश लगाने की हर मुमकिन कोशिश करें।



अब्दुल रज़्ज़ाक ठेकेदार

### कार्यक्रम

बतारीख़- 02 जनवरी 2026 बरोज़ जुमा
बवक्त- बाद नमाज़ जुमा/दोपहर 2:00 बजे से
बमक़ाम- रॉयल पैलेस, अफ़ज़लगढ़-मेघपुर रोड निकट मेघपुर तिराहा, अफ़ज़लगढ़

### औरतों के लिये विशेष प्रोग्राम

03 जनवरी, 2026, शनिवार
बवक्त- सुबह 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक
बमुक़ाम- मदरसा जामिउल उलूम, नेजो सराय, अफ़ज़लगढ़

**तमाम ज़िम्मेदार हज़रात से शिरकत की मुअद्दिबाना दरख़्वास्त है**

### निवेदक/अपीलकर्ता



शुऐब कुरैशी



नदीम इदरीसी



रिजवान अंसारी



वाजिद अल्वी



शमीम अहमद माहीगीर



सुरुश अनवर मसूद एड.



फहीम कस्सार

## दहेज मुक्त अभियान कमेटी

अफ़ज़लगढ़ ( बिजनौर )